डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-8

सिनेमाःकेजीएफ 2' के सामने 'जरसी', क्या शाहिद कपूर इस बार जड़ेंगे डबल सेंचुरी

वर्ष -08 अंक -46 | प्रयागराज, शुक्रवार 22 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### पिछले वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय ने घरेलू फर्मों से लक्ष्य से ज्यादा की खरीदारी

**नई दिल्ली।** पिछले वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय ने घरेलू फर्मों से खरीदारी पर अपने आधुनिकीकरण कोष के 64 फीसदी खर्च करने के लक्ष्य को पार कर लिया। मंत्रालय ने घरेलू खरीदारी पर 65.50 फीसदी कोष का उपयोग किया। वित्त वर्ष 2021-22 में मंत्रालय ने 64 फीसदी पूंजी अधिग्रहण बजट को घरेलू कंपनियों से खरीद के लिए रखा था। मंत्रालय ने बुधवार को कहा, 'वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में, रक्षा मंत्रालय इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए भारतीय उद्योग के माध्यम से स्वदेशी खरीद पर पूंजी अधिग्रहण बजट के 65.50 फीसदी का उपयोग किया। 'रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय सेना की जरूरतों के लिए साजो सामान की खरीदारी घरेलू बाजार से भी कर रहा है, सिर्फ विदेशी कंपनियों पर ही निर्भर नहीं है। व्यय संबंधी प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने गत वित्त वर्ष में अपने बजट का 99.50 फीसदी उपयोग किया। गौरतलब है कि भारत अपनी सैन्य आवश्यकताओं के लिए विभिनन्न अधिग्रहणों पर दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करता है। इसका अधिकांश हिस्सा पहले आयात के माध्यम से हुआ करता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में स्थिति बदल गई है। पिछले दिनों देश में रक्षा क्षेत्र की घरेलू कंपनियों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने घरेलू पूंजी खरीद और अधिग्रहण बजट का 25 फीसदी हिस्सा घरेलू निजी उद्योग के लिए निर्धारित करने का फैसला किया था। जो की करीब 21,149.47 करोड़ रुपये होगा।

## नगा समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोशिशें फिर तेज, पहली बार एनएससीएन-आइएम के कैंप मुख्यालय पहुंचे केंद्र के वार्ताकार

**नई दिल्ली।** लगभग सात दशक पुराने नगा समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद एक बार फिर बढ़ गई है। मंगलवार को पहली बार केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त वार्ताकार एके मिश्र दीमापुर के समीप स्थित नेशनल सोशलिस्ट



काउंसिल आफ नगालैंड-आइएम (एनएससीएन-आइएम) के कैंप मुख्यालय पहुंचे और उसके प्रमुख टी मुइवा व अन्य नेताओं के साथ बातचीत की। इसके पहले सोमवार को नगालैंड के मुख्यमंत्री एन रियो, उप मुख्यमंत्री वाई पट्टन और पूर्व मुख्यमंत्री टीआर जेलियांग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। ध्यान देने की बात है कि 2015 के फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के बावजूद 2019 से बातचीत बंद थी। दरअसल गृह मंत्री बनने के बाद अमित शाह पूर्वोत्तर भारत की दशकों पुरानी समस्याओं के स्थायी समाधान की कोशिश में जुटे हैं और इसमें उन्हें काफी हद तक सफलता भी मिली है। लेकिन नगा समस्या के स्थायी समाधान के लिए एनएससीएन (आइएम) के साथ रुकी हुई बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो पाई थी। पूर्व वार्ताकार आरएन रवि और मुइवा के बीच सीधे टकराव को देखते हुए पिछले साल खुफिया ब्यूरो के पूर्व अधिकारी एके मिश्र को वार्ताकार नियुक्त किया गया था और आरएन रवि को तमिलनाडु का राज्यपाल बनाकर भेज दिया गया था। सोमवार को एक हफ्ते के दौरे पर नगालैंड पहुंचे मिश्र ने एनएससीएन (आइएम) के कैंप मुख्यालय पहुंचकर सभी को चौंका दिया। यह पहली बार हुआ जब वार्ताकार बातचीत के लिए खुद एनएससीएन (आइएम) के कैंप मुख्यालय में पहुंचे। वैसे तो मुइवा और मिश्र के बीच हुई बातचीत के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया जा रहा है। लेकिन सूत्रों की माने तो बातचीत काफी सकारात्मक रही। मुइवा और मिश्र दोनों के बीच अकेले में लगभग एक घंटे बातचीत चली, उसके बाद उसमें एनएससीएन (आइएम) के अन्य नेता शामिल हुए। माना जा रहा है कि अगले एक-दो दिनों में औपचारिक बातचीत का दौर शुरू होगा। 2015 में फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के बाद चार साल तक चली बातचीत अलग झंडे और अलग संविधान पर अटक गई थी। मुइवा ने इससे पीछे हटने से इन्कार कर दिया तो केंद्र ने साफ कर दिया कि यह संभव नहीं है। इसके बाद निचले स्तर पर बातचीत में गतिरोध को दूर करने की कोशिश हुई, लेकिन मुइवा ने आरएन रवि के साथ किसी तरह की बातचीत से साफ इन्कार कर दिया था। केंद्र सरकार एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नगा समस्या के समाधान होने की स्थिति में पूरे पूर्वोत्तर भारत में स्थायी शांति संभव हो सकेगी। इसके पहले बोडो, ब्रू रियांग, कार्बी आनलांग जैसी दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान किया गया और इनसे जुड़े अलगाववादी संगठनों के हजारों युवा हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए। इसके साथ ही मेघालय और असम के बीच ऐतिहासिक समझौते के साथ पूर्वोत्तर भारत में राज्यों के बीच सीमा विवाद के स्थायी समाधान का रास्ता भी साफ हुआ।

## जहांगीरपुरी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू, अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा या नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ एमसीडी के अभियान को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हो रही है। अतिक्रमण पर दिल्ली नगर निगम का बुलडोजर आज चलेगा या नहीं, इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। बता दें कि जहांगीरपुरी में अतिक्रमण पर बुधवार को कुछ घंटे के लिए बुलडोजर चला था। हालांकि, सुप्रीम ने याचिका दाखिल की है। याचिका में दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों में संपत्तियों पर कार्रवाई का जिक्र किया गया है। याचिकाकर्ताओं के वकील दुष्यंत दवे ने एमसीडी के कदम को असंवैधानिक और गैर कानूनी बताया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि कार्रवाई के लिए कम से कम 10 दिनों का नोटिस दिया जाना चाहिए। उधर, मामले में सियासत भी तेज हो गई है।



कोर्ट के आदेश के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान को रोक दिया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इलाके में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश के बावजूद एमसीडी की कार्रवाई नहीं रुके। सुप्रीम कोर्ट के मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बाद भी एमसीडी का बुलडोजर चलता रहा। सुप्रीम कोर्ट का आदेश दोबारा संबंधित अधिकारियों के पास पहुंचा, जिसके बाद कार्रवाई रुकी। बता दें कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी और लेफ्ट के अलावा कई दलों ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस ने कहा कि सरकार धार्मिक उन्माद को बढ़ावा दे रही हैं। सीपीएम नेता वृंदा करात बुधवार दोपहर जहांगीरपुरी पहुंच गई थी। सीपीएम नेता एमसीडी की कार्रवाई रोकने के लिए बुलडोजर के आगे खड़ी हो गई थीं। इसी बीच बीती शाम एआइएमआइएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जहांगीरपुरी पहुंचे।

## अहमदाबाद पहुंचे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन, साबरमती आश्रम में चलाया चरखा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन आज से दो दिन के भारत दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार जानसन इसके बाद दिल्ली में कल पीएम मोदी से मिलेंगे। इस दौरान दोनों नेता यूके और भारत की रणनीतिक रक्षा, राजनयिक और आर्थिक साझेदारी पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री बोरिस जानसन अहमदाबाद में आकर सबसे पहले साबरमती आश्रम पहुंचे हैं। वहीं इस मौके पर उन्होंने चरखा भी चलाया। बता दें कि यहां उन्हें महात्मा गांधी की शिष्या बनी मेडेलीन स्लेड उर्फ मीराबेन की आत्मकथा 'द स्पिरिट्स पिलग्रिमेज' साबरमती आश्रम द्वारा उपहार में दी जाएगी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन अपने इस दौरे में भारत को रूसी तेल और रक्षा उपकरणों पर निर्भरता में कटौती करने में मदद करने की पेशकश करेंगे। मुक्त व्यापार वार्ता के लिए जॉनसन की यात्रा पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात से शुरू होनी है, जहां वह एक ब्रिटिश फर्म द्वारा खोले जा रहे एक नए कारखाने का दौरा करेंगे और विज्ञान, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी में निवेश और सहयोग की घोषणा करेंगे। इस सदी की शुरुआत में ब्रिटेन भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था, लेकिन पिछले साल वह 17वें स्थान पर खिसक गया है। भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और संयुक्त अरब अमीरात हैं। जानसन सोफ्टवेयर इंजीनियरिंग से लेकर फार्मास्यूटिकल्स तक के क्षेत्रों में ब्रिटिश और भारतीय व्यवसायों द्वारा नए निवेश और निर्यात समझौतों की घोषणा कर सकते हैं जो कुल 7600 करोड़ से अधिक होगा। बता दें कि ब्रिटिश पीएम ने




अपने दौरे से पहले संकेत दिया है कि वह इस वर्ष एक मुक्त व्यापार समझौते के बदले भारत को और अधिक वीजा देने के लिए तैयार हैं, जो अरबों पाउंड से वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दे सकता है। बोरिस जानसन की आज भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को गति मिलने की उम्मीद है।

## श्रीलंका से भारत निभाएगा दोस्ती और पड़ोसी होने का धर्म, फिर करेगा वित्तीय मदद

**कोलंबो (रायटर)।** संकट के बीच घिरे श्रीलंका को भारत फिर से मदद करने वाला है। बता दें कि श्रीलंका



में जारी राजनीतिक और वित्?तीय संकट की वजह से वहां के आम आदमी का जीवन बेहद मुश्किलों में बीत रहा है। श्रीलंका में कई जगहों पर सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहा है। इस बीच भारत ने श्रीलंका को अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की बात कही है। श्रीलंका की तरफ से बताया गया है कि भारत उसको तेल खरीद के लिए 50 करोड़ डालर (500 मिलियन डालर) की अतिरिक्त मदद करेगा। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने पत्रकारों से हुई बातचीत के दौरान कहा कि बांग्लादेश ने भी श्रीलंका को दिए कर्ज के भुगतान को फिलहाल टाल दिया है। गौरतलब है कि भारत इससे पहले भी श्रीलंका की मदद कर चुका है। जब से देश में राजनीतिक और वित्तीय संकट आया है तभी से भारत की नजरें श्रीलंका पर हैं। श्रीलंका की स्थिति को लेकर भारत बेहद गंभीर भी है। भारत की इस मदद के लिए श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटरों लेकर वहां के जानकारों ने भी भारत की तारीफ की है।भारत ने हाल ही में एक श्रीलंका को अरब डालर का लाइन आफ क्रेडिट दिया है। हालांकि श्रीलंका ने भारत से वित्तीय संकट को देखते हुए डेढ़ अरब डालर की मांग की थी। रायटर की रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष में भारत श्रीलंका को 2।4 अरब डॉलर की मदद कर चुका है। श्रीलंका की आर्थिक कमर कुछ कोरोना ने कुछ खराब विदेशी नीति की बदौलत टूटी है। बता दें कि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में पयर्टन का बड़ा हिस्सा रहता है। कोरोना के चलते लगे प्रतिबंधों ने इस क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंचाया है। वहीं दूसरी तरफ श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी हद तक खाली हो चुका है। इसकी वजह से देश में महंगाई अपने चरम पर है। खाने-पीने की चीजों के साथ-साथ तेल की कीमतों में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसके चलते आम लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल में हो गया है।

## गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- सिख गुरुओं का ऋणी है देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रत्येक देशवासी के मन में गुरु तेग बहादुर जी के प्रति अपार श्रद्धा-भाव है। कश्मीरी पंडितों ने जब अपने ऊपर हो रहे अत्याचार की जानकारी गुरु जी को दी तो उन्होंने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए चांदनी चौक के सामने गुरुद्वारा शीशगंज में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, इसलिए उन्हें 'हिंद का चादर' कहा जाता है। शाह लाल किला के मैदान में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश के सबसे सौभाग्यशाली प्रधानमंत्री हैं क्योंकि उनके कार्यकाल में गुरु नानक देव जी का 550वां, गुरु तेग बहादुर जी का 400वां और गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व मनाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से तीनों प्रकाश पर्व को भव्य तरीके से मनाकर पूरे विश्व में महान सिख गुरुओं की वीरता, भक्ति, समानता और बलिदान के संदेश को पहुंचाया। अमित शाह ने कहा कि जिस लाल किला में गुरु जी के बलिदान का फतवा जारी किया गया था वहीं देश की आजादी के 75वें साल पर हम सभी बैठकर गुरु की वाणी का श्रवण कर रहे हैं। गुरु जी का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। इनका देश पर बहुत उपकार है। गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह जी के बलिदान के कारण ही देश प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है।उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम में शामिल होकर गुरु तेग बहादुर के सम्मान में डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे।

## सिविल सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारत हर साल 21 अप्रैल को 'नेशनल सिविल सर्विसेज डे' के तौर पर मनाता है। लोक सेवकों की अथक मेहनत को पहचान दिलाने के क्रम में यह दिन मनाया जाता है। इस क्रम में आज गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने साल 1947 के 21 अप्रैल को ही दिल्ली के मेटकाफ हाउस में प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के परिवीक्षाधीनों को संबोधित किया था। पहला नेशनल सिविल सर्विस



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में लोक प्रशासन में अहम भूमिका निभाने वालों को सम्मानित करेंगे। हर साल की तरह इस बार भी प्राथमिकता कार्यक्रमों और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन समेत अन्य क्षेत्रों में नवीकरण के लिए 16 अवार्ड दिए जाएंगे। इस दिन को सिविल सर्विसेज डे के तौर पर इसलिए चुना गया क्योंकि आजादी के बाद भारत के पहले डे साल 2006 में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मनाया गया था। भारत सरकार ने प्रशासनिक सेवा में जुटे अधिकारियों के कामों का आकलन किया था और उन्हें सम्मानित किया था। चार्ल्स कोर्नवालिस को 'सिविल सर्विसेज का जनक' कहा जाता है। कोर्नवालिस ने भारत में सिविल सर्विसेज के आधुनिकीकरण और सुधार में अहम योगदान दिया था।

## भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना के 2380 नए मामले, 17 मार्च के बाद सबसे ज्यादा केस दर्ज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में आज फिर इजाफा देखने को मिला है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 2,380 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, इस दौरान कोरोना से 56 मरीजों की मौत भी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान कोरोना वायरस के 1,231 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं। बता दें कि लगातार दूसरे दिन कोरोना के मामलों में इजाफा देखने कोमिला है। इससे पहले कल यानी बुधवार को कोरोना के 2,067 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं, 17 मार्च के बाद कोरोना के मामले सबसे ज्यादा आए हैं। देश में 17 मार्च को कोरोना के 2528 मामले सामने आए थे। इसी बीच, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बताया कि भारत में कल कोरोना वायरस के लिए 4,49,114 सैंपल टेस्ट किए गए, कल तक कुल 83,33,77,052 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।






# अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या के मामले में आरोपी आनंद गिरि की जमानत अर्जी की सुनवाई टली

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज ।** अगली सुनवाई 16 मई को होगी यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने दिया है इससे पहले कोर्ट ने सीबीआई को आनंद गिरि के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के आपराधिक केस की अतिरिक्त जानकारी के साथ हलफनामा दाखिल करने को कहा था।

# इफको मजदूरों ने मनाया डॉ अम्बेडकर जयंती, रिटायर्ड कर्मचारियों को किया सम्मानित डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाएं श्रमिक हितकारी कानूनों को ख़त्म कर रही सरकार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** आज शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से कोविड 19 दिशा निर्देश का पालन करते हुए सी आई एस एफ कालोनी, इफको फूलपुर में इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ संबद्ध ऐक्टू द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की 131वी जयंती और रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान समारोह किया गया कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण औ? वरिष्ठ ठेका मजदूर द्वारिका प्रसाद द्वारा रिटायर्ड कर्मचारी सालिकराम व इंद्रावती को सम्मान पत्र, टार्च, शाल, और छाता देकर सम्मानित किया गया, डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा कि आज वर्तमान सरकार डॉ भीमराव अम्बेडकर ने जो श्रमिकों हितकारी कानून बनाए थे, उसे 4 श्रमिक कोड बनाकर ख़त्म कर रही है, डॉ भीमराव अंबेडकर ने 1944 में मजदूरों की कार्यशाला को सम्बोधित



करते हुए कहा था कि मजदूरों को अपनी मुक्ति के लिए अनिवार्य रूप से रूसो के सोशल कॉन्ट्रैक्, मार्क्स के कम्युनिस्ट मैनीफेस्टो, पोप लियो तेरहवें केएनसाईक्लिकल ऑन द कंडीशनस ऑफ़ लेब और जॉन स्टुअर्ट मिल वेलिबर्टी को पढ़ना चाहिए,मनमाड़ में रेलवे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि मजदूरों का शोषण पूंजीवाद और ब्राह्मणवाद दोनों करते है, वर्णव्यवस्था न केवल श्रम का बंटवारा करती है बल्कि श्रमिको का भी बटवारा करती है कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉम जय प्रकाश-अध्यक्ष -इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ व संचालन कॉम त्रिलोकी नाथ- मंत्री इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से इफको फ़ुलपुर ठेका मजदूर संघ उपाध्यक्ष- त्रिभुवन नाथ, कोषाध्यक्ष- फूलचंद प्रजापति, प्रचार मंत्री- जगदीश कुमार, कार्यालय मंत्री- राजनाथ सेकेंड, संगठन मंत्री- अमर सिंह, रामचंद्र गौतम, नान्हू दास, राजेश पटेल, देवानंद इत्यादि लोग उपस्थित रहे,

# तीन नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** थानाध्यक्ष फूलपुर अमित कुमार राय मय हमराह पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 129/2022 धारा 306 से संबंधित तीन नफर वांछित अभियुक्त गण सुनीता मौर्या पत्नी अरविंद मौर्या उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम ढोकरी थाना फूलपुर, नन्हे लाल मौर्य पुत्र रघुवीर मौर्य निवासी ग्राम देवापुर थाना सोरांव उम्र 60 वर्ष एवं घुरपत्ति-पतनी नन्हेलाल मौर्य निवासी ग्राम देवापुर थाना सोरांव उम्र 58 वर्ष को ढोकरी तिराहे से 200 मीटर आगे फूलपुर सोरांव मुख्य मार्ग से गिरफ्तार करके आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई । गिरफ्तार करने वाले टीम में थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय, कॉन्स्टेबल इंद्रजीत यादव, कांस्टेबल शिवम यादव, महिला कांस्टेबल निधि यादव, महिला कांस्टेबल अलका यादव थाना फूलपुर आदि रहे ।




# सूदखोरों के द्वारा विकलांग व्यक्ति को दी जाती है जान से मारने की धमकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** भूमाफिया अजय पटेल की दबंगई इस कदर बढ़ गई है कि क्षेत्र में भय का माहौल ब्याप्त है। जिसकी जमीन को चाहते हैं कब्जा कर लेते हैं। जिसके साथ चाहते हैं बंदूक व पकड़ के दम पर बेईमानी कर लेते हैं। तथा जान से मारने की धमकी दे डालते हैं। ऐसे ही दो मामले प्रकाश में आने पर ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश के शाशन प्रशासन तथा बिल्डोजर का भय इनको नही रहा। और रहे भी कैसे जिनको विधायक सांसद का संरक्षण मिला हो। पहला मामला शकील अहमद पुत्र नाजिम अली निवासी ग्राम पतुलकी, थाना बहरिया के साथ अजय पटेल ने बेईमानी किया। मामला ये है कि शकील अहमद ने आशा देवी की जमीन लगभग दो बिस्वा खरीदा था। जो दशरथ सोनकर के बगल में है। कुछ विवादित होने के कारण शकील अहमद ने अजय पटेल से बात की तो अजय पटेल और शकील के बीच इस बात पर सौदा हुआ कि निर्माण कराने में जो खर्च आएगा उसको अजय पटेल निर्वहन करेंगे और बेचे जाने पर आधा पैसा शकील को देंगे और आधा स्वयं लेंगे। किसी तरह अजय पटेल ने मकान बनवा लिया। मकान बनवाते समय कुछ कर्ज दार शकील के पास आए तो शकील ने अजय पटेल से ये बात कहकर पैसे ली कि मकान बिक जाएगा तो उतना पैसा काटकर देना। चार महीने का वक्त बीत गया मकान नही बिक पाया तो अजय पटेल ने शकील को बच्चा डाक्टर के दुकान पर बुलाया उस समय अजय पटेल अपने दो चार साथियों के साथ बैठा रहा और शकील से पैसा वापस मांगने लगा। तो शकील ने कहा कि मै पैसा लेने से पहले ही बताया था कि बिकने पर अपना पैसा लेने के बाद में हमारे हिस्से का बचा पैसा देना। इसी बात पर अजय पटेल ने कहा कि चार साल में तक नही बिकेगा तो नही दोगे। ऐसा है यदि हमारा पैसा एक हफ्ते के अंदर नही दिये तो मै बीस प्रतिशत की दर से जोड़ कर ब्याज लूंगा। शकील अहमद ने शुरू में भरोसा जता कर अजय पटेल के नाम जमीन एग्रीमेंट करा दी थी। जिसके कारण शकील अहमद के साथ खुलेआम अजय पटेल बेईमानी कर रहा है। कोई साथ दे रहा है तो वो है। आशा देवी हरिजन जिसके नाम जमीन है। ये बात सुनने के बाद आशा देवी ने कही कि मैं शकील के हांथों जमीन बेची थी उसी के नाम रजिस्ट्री करूंगी अन्यथा तुम्हारे नाम नही करूँगी। और नही की। इसी कारण अजय पटेल ने आशा देवी को धमकी दी। मारपीट भी की। अजय पटेल के खिलाफ आशा देवी ने कई शिकायत पत्र दी लेकिन अजय पटेल के ऊपर ना तो मुकदमा दर्ज हो सका। और ना ही किसी प्रकार की कार्रवाई। केवल ऊंची पकड़ व पैसा होने के कारण। यदि क्षेत्रीय पत्रकार सरफराज अहमद साथ देने लगता है तो उसके खिलाफ अजय पटेल महिलाओं को पैसा देकर, भेजकर फर्जी छेड़छाड़ का आरोप लगाकर तहरीर दिलाकर मुकदमा लिखवाने का काम करते हैं। एक फर्जी मुकदमा भी हीना पुत्री नन्हे गौरिया के द्वारा दर्ज करवा चुकें है। इनका गौरिया बस्ती में अड्डा बन चुका है जो दिन रात अभिजीत पटेल व अजय पटेल अड्डा जमाए रहते हैं। जबकि पीडित शकील एक पैर का विकलांग आदमी है। जिसको डरा धमका कर उठा ले जाते है घर से और सादे कागज पर लोग दस्खत तक करवा लेते हैं। इन भूमाफियाओं व सूदखोरों की वजह से शकील जैसे बहुत लोगों का उत्पीड़न प्रतिदिन किया जाता है। खास तौर पर बहरिया थाना क्षेत्र सिकंदरा, पतुलकी, बीरभानपुर, कनेहटी, तारडीह, आदि गांव में, जिसको अभियान के तहत चलाकर बगैर लाइसेंस वाले सूदखोरों के साथ कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से धन अर्जित करने वालों के मकानों पर भी बिल्डोजर चलना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में। दूसरा मामला दूसरे दिन के समाचार पत्र में।

# पारिवारिक मुकदमों का कराया जाय निपटारा -प्रधान न्यायाधीश

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14 मई के सम्बन्ध में प्री0 लिटिगेशन बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की बात कही, उन्होने कहा कि इसमें पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल जाता है और उनको बेवजह कचहरी के चक्कर नही काटने पड़ते, इसमें धन और समय की बचत होती है। बैठक का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बान्धित अधिवक्तागण, मध्यस्थगण एवं परामर्शदाता भी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण 24 अप्रैल तक

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह अप्रैल, 2022 के द्वितीय वितरण चक्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक निःशुल्क खाद्यानन्न का वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया गया।इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल निःशुल्क वितरित किया गया। उन्होने बताया है कि खाद्यायुक्त द्वारा वितरण अवधि विस्तारित करते हुए अन्तिम तिथि दिनांक 24.04.2022 निर्धारित की गयी है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से दिनांक 24.04.2022 को भी खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है।

# बैंकर्स की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय समन्वय समिति की विशेष बैठक आयोजित की गयी जिसमें भारत सरकार के निर्देश पर दिनांक 24 अप्रैल से 1 मई 2022 तक केसीसी बनाने हेतु विशेष अभियान ''किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी'' के विषय में एलडीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा बैंकर्स को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिया कि किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी के अभियान को सभी अधिकारी एवं बैंकर्स मिलकर सफल बनाये तथा सभी बैंकर्स यह सुनिश्चित करें कि जिन किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड अभी तक नही बना है दिनांक 24 अप्रैल से 01 मई 2022 तक चलने वाले विशेष अभियान में किसानों का केसीसी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि इस अवधि में बैंकों की सभी शाखाओं पर पर्याप्त स्टाफ उपस्थित रहे तथा क्षेत्र के लेखपाल भी उपस्थित रहकर किसानों को खतौनी आदि विवरण उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत अधिकारी के माध्यम से किसानों को इस अभियान के बारे में सूचित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इस अवधि में बैंक की शाखाओं पर पहुॅचकर किसान क्रेडिट कार्ड बनवा सके। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान जनपद की सभी बैंक शाखाओं में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु सम्बन्धित स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लच्छित कृषकों को एस0एम0एस0 के माध्यम से कैम्पेन की सूचना उपलब्ध करायी जायी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित सम्बन्धित अधिकारी व व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

# बायोमैट्रिक अटेण्डेंस प्रक्रिया लागू करने की बैठक 23 अप्रैल को

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं के बायोमैट्रिक अटेण्डेंस प्रक्रिया लागू किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 23 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे विकास भवन के सभागार कक्ष में समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों हेतु आवश्यक बैठक की जायेगी। उन्होने जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों को सूचित किया है कि दिनांक 23 अप्रैल को विकास भवन सभागार कक्ष में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

# बढ़ती तपिश में विद्युत कटौती से आमजन बेहाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** कोयले की कमी दिखाकर विद्युत कटौती करना बढ़ती तपिश 45/46 डिग्री तापमान में आमजन बेहाल हैं।10 बजे के बाद घर से बाहर निकलना मोहाल है। बिजली की कमी से पानी भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में कोयले की कमी दो दिन कोयला शेष कमी एक दिन का शेष फिर विदेश से कोयला मांगने पर विचार परन्तु मंहगा पड़ेगा। यह यह सब पढ़कर लोगों में खौफ पैदा हो रहा है। अभी मई -जून बाकी है। मार्च अप्रैल में लोग बेहाल हैं। बिजली पानी जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से बन चुके हैं। इस पर गंभीरता से विचार होना ही चाहिए। दिन तो किसी प्रकार से कट जाता है। परन्तु रात कटनी भारी पड़ रही है। ज़ब हर पांच दस मिनट के बाद विद्युत विभाग की अपडेट मोबाइल पर आती है। कि दो घंटे कि कटौती फिर एक घंटे फिर दो घंटे एक रात इसी प्रकार बीत जाती है।




# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनुमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। 8. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 30 अप्रैल 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# अखिल भारतीय स्वर्गीय जायसवाल महासभा ने बबिता जयसवाल को सम्मानित किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद


**प्रयागराज।** जिला अध्यक्ष बबिता जायसवाल को पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय जायसवाल स्वर्गीय महासभा की उत्तर प्रदेश प्रभारी मीना जायसवाल ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीती रानी जायसवाल एवं वरिष्ठ सहयोगीयों से राय मशविरा के बाद श्रीमती बबिता जायसवाल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती कंचन जायसवाल एवं श्रीमती हेमलता जायसवाल, महासचिव श्रीमती रश्मि जायसवाल को मनोनीत किया।सोनी जायसवाल को जिला सचिव, पिंकी जायसवाल उत्तरप्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया ।पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती जयश्री जायसवाल जी को उत्तर प्रदेश सचिव का पद देकर सम्मानित किया गया ।सभी को पगड़ी व माला पहना कर बधाई और शुभकामनाएं दिया गया। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचन्द जायसवाल जी के तरफ से ढेर सारी शुभकामनायें और बधाई देते हुए कहा कि प्रयागराज को कर्मठ एवं समाज के प्रति वफादार जिलाध्यक्ष मिला है।



# बिना अनुमति के मिट्टी खोदने के खिलाफ याचिका जानकारी तलब

(आधुनिक समाचार सेवा)
शकील खान

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने प्रयागराज के औद्योगिक थाना क्षेत्र नैनी अंतर्गत गांव वजहा मसीह निवासी राम इकबाल पाण्डेय की जमीन से अवैध रूप से 21 फीट गहरी मिट्टी खोदने के मामले में राज्य सरकार से जानकारी मांगी है याची का कहना है कि पाटीदार रमेश चंद्र पाण्डेय व परिवार ने उसके पिता की जमीन की मिट्टी बेच दी है पुलिस व प्रशासन में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई इसलिए याचिका दायर करनी पड़ी है मामले में अगली सुनवाई 2 मई को होगी करछना के छरिबना निवासी उषा शुक्ला की याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रीतीनकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने कि याची के प्रति अधिवक्ता रमेश कुमार शुक्ला का कहना है कि याची के माता पिता की आयु क्रमांक 85 व 82 वर्ष है मां हृदय रोगी के उन्होंने पेसमेकर लगा है पिता भी मानसिक रूप से परेशान है इसका फायदा उठाकर पाटीदार




रमेश चंद्र पांण्डेय व परिवार ने दान पत्र के सहारे उनकी मिट्टी बेच दी याची ने तहसीलदार को आपत्ति दी है जिला अधिकारी एसडीएम करछना एसएसपी से शिकायत की है कि इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई थाने में शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

# प्रयागराज का एक परिवार जिसमें एक के बाद एक पांच लोग कर चुके आत्महत्या, जानकर पुलिस भी हैरान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** ढोकरी गांव में मंगलवार को फांसी लगाकर जान देने वाले अरविंद मौर्य के परिवार में अकाल मौत का सिलसिला वर्ष 2013 से चला आ रहा है। पहले उसकी मां, बहन, पिता और भाई ने आत्महत्या की और अब अरविंद ने भी खुदकुशी कर ली। परिवार के अन्य सदस्यों की मानें तो चारों की मौत के बाद अरविंद भीतर ही भीतर टूट गया था। वह मानसिक परेशान रहता था। पतने से अनबन के बाद उसकी स्थिति और खराब हो गई थी। मां, बहन ने जहर खाकर, भाई ने फांसी और पिता ने ट्रेन से कटकर दी थी जान 13 अप्रैल 2013 को अरविंद की मां भाग्यमानी और बहन मनीषा ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां दूसरे दिन दोनों ने दम तोड़ दिया था। इस घटना के दो दिन बाद यानि 16 अप्रैल को अरविंद के पिता रामकुमार ने गांव के पास ही ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। इस घटना के बाद अरविंद टूट गया था। एक साथ परिवार के तीन सदस्यों को खोने का गम उसके दिलोदिमाग पर चढ़ गया था। अभी वह इन घटनाओं से उबर नहीं पाया था कि उसके भाई नागेंद्र ने फंदे से उलझन में रहता था। करीब तीन माह पहले विवाद के बाद पतनी बेटे पवन और पुत्री सोनाली को लेकर जानी लगी तो अरविंद ने कहा था



लटककर खुदकुशी कर ली थी। इससे वह बेहद तनाव में रहने लगा था। चार मौत के बाद दुखी अरविंद पतनी से हो गया था परेशान इधर कुछ समय से पतनी से भी उसका विवाद होने लगा था। पतनी आए दिन मायके चली जाती थी। उसकी दादी ललिता और उसके पट्टीदार उसे हमेशा समझाते थे, लेकिन वह कि दोबारा लौटकर मत आना। बगल में रहने वाले परिवार के लोगों की मानें तो पतनी के जाने के बाद अरविंद ने किसी से बोलना तक बंद कर दिया था। वह हमेशा गुमशुम रहता था। वह ही घर में खाना बनाता था और दादी के साथ खाता था। दादी उससे बहू और बच्चों को वापस लाने की बात कहती थीं, लेकिन वह मना कर देता था।

# घर की दीवार गिराई, फिर जान से मारने की दी धमकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** साँगीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद गाँव के संतोष कुमार पाल पुत्र राम प्रसाद पाल ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी ने उसकी घर की दीवार भी गिरा दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष साँगीपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ दिनों पहले उसके पड़ोसी विश्वम्भर पाल,अरुण कुमार, प्रतिमा,कांति आदि ने उसकी घर की चहारदीवारी गिरा दिया।वह हैदराबाद में रहता है। जब उसको गाँव के ही कुछ लोगों ने सूचना दी तो घर आया और आरोपियों के विरुद्ध गाँव के संभ्रांत लोगों की पंचायत बुलाई। पंचायत में आरोपियों ने उसे भद्दी-भद्दी गालियाँ दी और जान से मारने की धमकी दी।इससे पीडित का परिवार डरा सहमा है।वह पुलिस से तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने का निवेदन कर रहा है लेकिन पुलिस ने अभी तक कुछ भी करने से परहेज किया है।

# मेरे देश के सैनिक ही मेरी कविता के नायक हैं

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** भदोही।प्राथमिक विद्यालय घोरहाँ,भोरी,भदोही में एक विराट कवि सम्मेलन में हन्डौर,प्रतापगढ़ निवासी वीर रस के सुप्रसिद्ध कवि डॉ0रणजीत सिंह ने सैनिकों के शौर्य,पराक्रम,त्याग एवं बलिदान पर आधारित कविता मेरी कविता के नायक हैं का वाचन किया तो पूरा पांडाल राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया।दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोता भी इस कवि का उसकी राष्ट्र भक्ति की भावना पर आधारित कविता का मनोबल बढ़ाने के लिए मंच पर आकर माल्यार्पण करके सम्मान किये।उन्होंने सैनिकों की गौरव गाथा का गायन करते हुए राष्ट्रवाद का शंखवाद किया। इस कवि सम्मेलन का संयोजन संदीप कुमार हियराजी ने किया। संदीप कुमार बालाजी के संचालन एवं उमाशंकर सिंह मधुकर की अध्यक्षता में हुए इस कवि सम्मेलन में लखनऊ के डॉ0वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर, प्रयागराज के राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, जौनपुर के नरेंद्र बहादुर सिंह पंकज,भदोही के अरुण कुमार यादव प्रयास, चंद्रकांत भ्रमर,निशांत,लोकेश त्रिपाठी प्रतापगढ़ आदि ने अपनी बेहतरीन रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया।



# सेहत के मेले में 8804 लोगों को मिला लाभ


**आजमगढ़।** जिले के चार ब्लाकों लालगंज, तरवां, महराजगंज और रानी की सराय ब्लाकों में बुधवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 8804 लोग लाभान्वित हुए। 155 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। तरवां : तरवां ब्लाक परिसर में लगे स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। मेले में बाल विकास परियोजना, युवा कल्याण, कृषि, शिक्षा, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग स्टाल लगाया था। मुख्य अतिथि ने बाल विकास परियोजना के स्टाल पर पहुंचकर गर्भवती नीलम की गोद भराई में सामान भेंट कर किया। छह माह के कृष्णा को मीठा खिलाकर अन्नप्राशन कराया। उसके बाद बारी-बारी से सभी विभागों के स्टाल का अवलोकन किया। अंत में मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मेले के आयोजन से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज एसएन त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंद्र नारायण तिवारी, परियोजना अधिकारी आरएन सिंह, पूर्ति निरीक्षक मिथिलेश कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एके चौधरी, एके सिंह आदि उपस्थित रहे लालगंज : श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय इंटर कालेज परिसर में ब्लाक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह व सीएमओ इंद्रनारायण तिवारी ने फीता काटकर किया। मेले में मरीजों का पंजीकरण, दवा वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाया गया। बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से पोषण स्टाल लगाकर बालिकाओं की लंबाई की माप व वजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी, डाक्टर एसके सिंह, बीडीओ राजन राय, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह, पर्यवेक्षक ज्ञानेंद्र राय, अभिनव सिह थे। महराजगंज : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज परिसर में बुधवार को ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने फीता काटकर किया। मेले में आयुष विभाग के साथ शिक्षा, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों की ओर से स्टाल लगाया गया था। मेले में कुल 2459 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। संचालन चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रवीण चौधरी ने किया।



# संपादक अखिल नारायण सिंह कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विश्व पत्रकार महासंघ ने वरिष्ठ पत्रकार को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शुक्ला और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अजब सिंह मीना ने प्रतापगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अखिल नारायण सिंह को कोरोना संक्रमण काल के दौरान उनकी की गई सेवाओं के लिए उन्हें कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया है।सम्मान पत्र में इस महासंघ ने संपादक अखिल नारायण सिंह को जन-जन की सुरक्षा हेतु संक्रमण काल में उनकी महती भूमिका के निर्वहन हेतु उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घ जीवन की कामना की है।




# शराब की दुकानों को एफएसडीए से भी लेना होगा लाइसेंस

**आजमगढ़।** शराब की दुकानों को अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन(एफएसडीए) से भी लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए जिले में शासनादेश पहुंच गया है। सरकार ने देसी, अंग्रेजी और बीयर को भी पेय खाद्य पदार्थ की श्रेणी में लेते हुए अब इनसे संबंधित कंपनियों, वितरकों और दुकानदारों के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाइसेंस लेने का निर्देश दिया है। शासन का निर्देश मिलते ही महकता सक्रिय हो गया है। विभाग ने आबकारी विभाग से जिले के लाइसेंसी शराब की दुकानों की सूची मांगी है। जिले में 437 अंग्रेजी, देसी व माडल की दुकानें संचालित हो रही है। संचालकों की आय के हिसाब से पंजीयन का शुल्क भी जमा करना होगा। साथ ही हर साल इसका नवीनीकरण भी कराना होगा। लाइसेंस न लेने वाले दुकानदार शराब नहीं बेच सकेंगे। जिले में पहले पवई और फिर माहुल में देसी



शराब की दुकानों पर अपमिश्रित शराब बिकने का मामला सामने आया था। जिसके पीने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी हैं। इस घटना से सरकार व प्रशासन की काफी किरकिरी हुई थी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से लाइसेंस होने के बाद विभाग उसकी जांच कर सकता है। वहीं, बेचने वालों में भय भी होगा। साथ ही राजस्व की भी वृद्धि होगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के दायरे में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों को भी रखा गया है। जिनके संचालकों को अब एफएसडीएम से लाइसेंस लेना होगा। जिले में 2173 कोटे की दुकान है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिला पूर्ति विभाग से इसके लिए सूची मांगी है। शराब व सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का भी लाइसेंस जारी किया जाएगा। इसके लिए शासन से निर्देश प्राप्त हो गया है। विभागों से सूची मांगी गई है। बिना लाइसेंस का दुकानों का संचालन नहीं हो सकेगा। समय-समय पर इसकी जांच भी की जाएगी

# 16वें दिन भी स्थिर रहीं पेट्रोल-डीजल की कीमतें जानें- गोरखपुर में पेट्रोल-डीजल का भाव

**गोरखपुर।** करीब एक पखवारे से पेट्रोल व डीजल का मूल्य स्थिर है। गोरखपुर में गुरुवार को भी ट्रोल 105 रुपये 49 पैसे और डीजल 97 रुपये 0.6 पैसे प्रति लीटर बिका। स्पीड पेट्रोल 108 रुपये 19 पैसे प्रति लीटर के हिसाब से मिल रहा है। बीते पंद्रह दिन से पेट्रोल व डीजल के मूल्य में बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। लेकिन सीएनजी का मूल्य बढ़ गया है। सीएनजी 84 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। बता दें कि 22 मार्च से कीमतों में बढ़ोतरी शुरू हुई थी। इस बीच स्पीड पेट्रोल 108 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया। छह अप्रैल से 22 अप्रैल तक पेट्रोल व डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। इससे लोग काफी राहत महसूस कर रहे हैं। दो अप्रैल को इतना बढ़ा मूल्यः दो अप्रैल को गोरखपुर में पेट्रोल के दाम 102.7 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 94.26 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। शनिवार को पेट्रोल के दाम 0.98 पैसे और डीजल के दाम में 1.19 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में 12वें दिन में इनके दामों में फिर इजाफा किया गया है। एक अप्रैल को स्थिर रहा मूल्य : एक अप्रैल को पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। वहीं तीन महीने में सीएनजी की कीमत 6.50 रुपये बढ़ गई है। सीएनजी अब प्रति किलोग्राम 72.50 रुपये से बढ़कर 74.50 रुपये हो गई है।




# चौरीचौरा में तोड़फोड़ व आगजनी करने वाले 75 उपद्रवियों की सूची थाने में चस्पा

**गोरखपुर।** चौरीचौरा के भोपा बाजार चौराहे पर 25 मार्च को तोड़फोड़, आगजनी व पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने वाले उपद्रवियों की सूची पुलिस ने थाना गेट पर चस्पा किया। वीडियो फुटेज से पहचान होने के बाद नामजद आरोपितों की संख्या अब 75 हो गई है। जिसमें 19 आरोपित जेल में है। फरार आरोपितों की अवैध संपत्तियों पर पुलिस बुलडोजर चलवाने जा रही है। एसएसपी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। झंगहा के राघोपट्टी निवासी धनंजय यादव सेना में जवान थे। उनकी तैनाती सिक्किम में थी। 22 मार्च को उनकी मौत हो गई। 25 मार्च को शव घर पहुंचा तो उपद्रवियों ने भोपा बाजार में जाम लगाकर रेल व सड़क मार्ग अवरुद्ध कर दिया। हटाने की कोशिश करने पर पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने के साथ ही वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी की।इस मामले में पुलिस ने सात अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। जिसमें 56 नामजद व 200 अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा मनोज पांडेय




ने बताया कि नामजद आरोपित मनुरोजन यादव समेत 19 जेल में है। फुटेज से नए आरोपितों की पहचान होने के बाद नामजद आरोपितों की संख्या 75 हो गई है। जांच में जिन लोगों का नाम प्रकाश में आया है उनकी तलाश चल रही है। छात्र को मारपीट कर मनबढ़ों लूटे 40 हजार रुपयेः एक छात्र ने मनबढ़ों पर मारपीट कर 40 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। घटना गगहा थाने के कौड़ीराम पेट्रोल पंप के पास की है। गगहा के मिश्रौली गांव निवासी विवेक पाण्डेय शहर स्थित सेंट एंड्रूज कालेज में एलएलबी द्वितीय वर्ष के छात्र है। उन्होंने गजपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पास एक नंबर से फोन आया और उसे गाली व धमकी दी गई। उसके नंबर पर फोन करके उसे कौड़ीराम पेट्रोल पंप के पास मिलने के लिए बुलाया। वहां उसने विवेक को अपने साथियों के साथ पीटा और उसके पर्स में मौजूद 40 हजार रुपये लूट लिया। गजपुर चौकी प्रभारी मुहम्मद गुफरान का कहना है कि मामला मारपीट से संबंधित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुबई में सरैया के युवक की छत से गिरकर मौत : चौरीचौरा के ग्राम सरैया के लठौरवा टोला निवासी 32 वर्षीय अनूप शर्मा की तीन दिन पूर्व दुबई में छत से गिरकर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अनूप शर्मा रोजी-रोजगार के सिलसिले में डेढ़ माह पूर्व दुबई गए थे। कुछ वर्ष पूर्व उसके पिता रामप्रीत की भी मुंबई में छत से गिरने से मौत हुई थी। मौत की सूचना मिलने पर स्वजन ने एजेंट से बात किया तो उसने बताया कि तीन दिन पूर्व छत के दूसरी मंजिल से अनूप गिर गए थे। अनूप की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।


# छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर विद्यार्थियों में गुस्सा, सौंपा पत्रक

**बलिया।** विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति नहीं आने के चलते आक्रोश है। छात्र व छात्राएं प्रतिदिन समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है। बुधवार को जामुन राम महाविद्यालय व जमुना राम मेमोरियल के समस्त छात्र, छात्राओं ने छात्रवृत्ति व फीस प्रतिपूर्ति के लिए राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर को एक पत्रक दिया। छात्रों का कहना था कि छात्रवृति नहीं मिलने तथा स्टेटस में निराधार बदलाव किया गया है। इस पर श्री शेखर ने छात्रों से सात दिनों का समय मांगा। कहा कि वह उनकी समस्या को प्रदेश सरकार के समक्ष रखेंगे। संभव है कोई हल निकल आए। इस मौके पर मनीष कुमार पांडेय, सौरभ कुमार मिश्रा, अनूप यादव, प्रेम प्रताप यादव व नीलू यादव, शालू सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, मनीषा, सावित्री राय, रिशु प्रियंका, प्रीति विप्लव सिंह, सौरभ राय कुंज पांडेय सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।



# फुटपाथ तो दूर अब सड़क पर भी कब्जा

**गाजीपुर ।** शहर के विशेश्वरगंज चौराहे से मित्र बाजार तिराहे तक फुटपाथों पर तो दुकानदारों ने कब्जा कर ही लिया है, साथ ही फुटपाथ से लगी सड़क को भी नहीं बख्शा है। इस कारण शहर के इस प्रमुख बाजार की न सिर्फ सुंदरता ही नष्ट हो रही है, बल्कि बाजार की सड़क भी संकरी हो रही है। वाहनों की बात तो दूर, लोगों का बाजार में पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। बाजार में कहीं फल व सब्जी बेचने वालों का अतिक्रमण है तो कहीं पूरी दुकान ही फुटपाथ और सड़क पर सजा ली जाती है। आज तक अतिक्रमण हटाने या फुटपाथ को खाली करवाने के लिए नगर पालिका परिषद या प्रशासन का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं आया। इस बाजार में वैसे तो हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, लेकिन अगर एक भी चार चक्का वाहन आ जाता है, तो जाम लग जाता है। इसके कारण तीखी धूप में लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं। दोनों तरफ से अगर चार चक्का वाहन आ जाती है तो भीषण जाम लग जाता है। बावजूद इसके ना तो नगर पालिका प्रशासन पर इसका असर पड़ता है और ना ही दुकानदारों पर।



# वृद्ध की पोखरे मे डूबने से गई जान

**सोनभद्र।** रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिलथम निवासी तानबुडुक जायसवाल (60) की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। वह अपनी भैंस को बुधवार की सुबह करीब 11 बजे गांव में स्थित पोखरे में पानी पिलाने गए थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह पोखरे में गिर गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब डेढ़ घंटे बाद गांव के अन्य पशु पालक अपने पशुओं को पानी पिलाने उसी पोखरे की तरफ गए तो देखा पोखरे में एक शव उतराया देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ओबी कंपनी में दो वाहनों के टक्कर में चालक घायल

**अनपरा (सोनभद्र)।** एनसीएल की जयंत खदान में ओवरबर्डन रिमूवल में लगी वीपीआर कंपनी के दो वाहनों के टकराने से एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जयंत खदान के ईस्ट सेक्शन के टाप से स्कैनिया वाहन मिट्टी लोड़कर नीचे उतर रहा था। इसी दौरान वाहन का ब्रेक फेल हो गया, और वह सामने से आ रहे वाहन से टकरा गया। जिसमें चालक संतोष कुमार निवासी चुरकी घायल हो गया। टक्कर के बाद चालक घायल अवस्था में केबिन में काफी देर तक फंसा रहा। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण वहां मदद पहुंचने में समय लगा। चालक को केबिन से बाहर निकालकर चिकित्सालय ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों द्वारा उसे बनारस के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान चालक की अफवाह पर श्रमिक आक्रोशित होकर काम ठप कर दिए। बाद में सही जानकारी होने पर स्थिति सामान्य हुई। प्रबंधन का कहना है कि चालक संतोष का पैर टूटा है। उसका उपचार वाराणसी में जारी है। उसकी हालत सामान्य है। घटना की जांच की जा रही है।

# बिजली तार के स्पार्किंग से गेहूं के खेत में लगी आग

**करमा (सोनभद्र)।** करमा थाना क्षेत्र के कम्हरिया गांव के संदीप पटेल पुत्र रामकुमार के खेत में बिजली के तार की स्पार्किंग से आग लग गई। इससे करीब 10 बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। संदीप सिंह के खेत से बिजली का तार गया है, जो काफी ढीला



है। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे तार से तार के आप में टकराने से शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे गेहूं का खेत जलने लगा। देखते ही देखते आग तेज हो गई जिससे खेत में लगे सबमर्सिबल, पुआल भी आग के आगोश में आ गए। प्रधान मोहन सिंह पटेल व अन्य किसानों की मानें तो करीब 11:30 बजे आग लगी है, जो संदीप के खेत में आग पकड़ने के बाद रामकुमार, मोहन पटेल, गोकुल, अरविंद, रामशकल, गुलाब सहित दर्जनों किसानों के गेहूं के खेतों को अपने आगोश में लेते हुए आगे बढ़ती रही। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन दमकल मौके पर नहीं पहुंचा। इससे लोगों को आग बुझाने में काफी मेहनत करनी पड़ी हालांकि आग पर काबू नहीं पाया जा सका। उधर राबर्ट्सगंज ब्लाक के नरयना गांव में आग लग गई। इससे हार्वेस्टर से कटाई के दौरान गिरे गेहूं के भूसे में आग गई। यह आग यमसोकर गांव तक पहुंच गई। हालांकि ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। शाम तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। इससे ग्रामीणों में असंतोष था।

# हर हाल में सरकारी योजनाओं का आम जनता को मिले लाभ

**दुद्धी (सोनभद्र)।** तहसील मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य महकमे द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित



स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोंड़ ने किया। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि, सीएमओ डा. आरएस ठाकुर समेत अन्य भाजपा नेताओं के साथ विभिन्न विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। विशेष कर स्वास्थ्य, बाल विकास, शिक्षा, खाद्य एवं विकास विभाग को इंगित करते हुए कहा कि ऐसे सभी विभागों के कर्मी जमीनी तौर पर आम जनता से सीधे जुड़े होते हैं। ऐसे लोगों के कंधे पर सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक सीधे पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है। ऐसी सभी लोग सरकार की जानकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बगैर किसी भेदभाव के जनता तक पहुंचाएं। इसमें किसी तरह की कोई समस्या आती है तो किसी भी वक्त व माध्यम से हमें सूचित अवश्य करें। सीएमओ डा. आरएस ठाकुर एवं सीएचसी अधीक्षक डा. शाह आलम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। चेयरमैन राजकुमार अग्रहरि ने इस तरह के आयोजनों से जनता को लाभ मिलने के साथ जागरूक होने की बात कही। मेले में मलेरिया, टीबी, एचआइबी के साथ आंख, कान, दांत के साथ बीपी व शुगर जांच कराने को लोग बेताब दिखे। मेले में कुल 424 लोगों की पंजीयन कर उनके स्वास्थ्य की जांच पड़ताल के बाद एलोपेथिक, होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक पद्धति के तहत इलाज की व्यवस्था की गई थी। योगाचार्य योगेश्वर मुनि ने नियमित योग की अपील की। अधीक्षक डा. शाह आलम ने आभार जताया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मनीष मिश्रा, डा. गिरधारी लाल, डा. विनोद कुमार, डा. संजीव कुमार, डा. स्मिता सिंह, डा. आलोक, डा. संजय, डा. गौरव सिंह, डा. मिथिलेश सिंह आदि रहे।

# आदिवासियों को पुश्तैनी जमीनों पर मालिकाना हक मिलने की जगी उम्मीद

**सोनभद्र।** जिले में वनाधिकार कानून के तहत आदिवासियों को पुश्तैनी जमीनों का मालिकाना हक मिलने की उम्मीद एक बार फिर से



जग गई है। राज्यपाल ने सोनभद्र के साथ प्रदेश के 13 जिलों के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वनाधिकार कानून की समीक्षा की। राज्यपाल की बैठक में हिस्सा लेने वाले सेवा समर्पण संस्थान कारीडाड़ चपकी के सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि सोनभद्र में वनाधिकार से जुड़े दावे व आपत्तियों का निस्तारण करीब एक दशक से नहीं हो रहा है। इसको लेकर संस्थान की ओर से पहल की गई थी ताकि आदिवासियों को उनके पुश्तैनी जमीन पर कानून के तहत अधिकार मिल सके। इसको लेकर जिला स्तर पर पूर्व में कई बार बैठक भी हुई लेकिन अंततः कोई नतीजा नहीं निकला। तमाम आदिवासियों के पूर्व में किए गए दावे भी खारिज किए जा चुके हैं। आनंद ने बताया कि बुधवार को राजभवन लखनऊ में हुई समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने संबंधित वन विभाग, राजस्व विभाग व समाज कल्याण विभाग को यह आदेशित किया कि सेवा समर्पण संस्थान उत्तर प्रदेश के साथ समन्वय स्थापित कर किसी भी दशा में 15 मई तक सभी के दावे प्राप्त कर सत्यापन करते हुए वनाधिकार पट्टा वितरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाए। 15 नवंबर जनजाति गौरव दिवस के पूर्व तक सभी 13 जनपदों में पट्टा वितरण की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए। इसमें प्रथम चरण में जनपद सोनभद्र के बभनी विकास खंड को माडल के रूप में लिया जाए। यहां 15 मई तक दावा, सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण की जाए। संस्थान के सह संगठन मंत्री ने बताया कि इस बैठक से सोनभद्र के आदिवासियों को उनकी पुश्तैनी जमीन पर मालिकाना हक मिलने की उम्मीद एक बार फिर जग गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में उनके अलावा राज्यपाल के सचिव महेश गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता दुबे, सचिव वन आशीष तिवारी, विशेष सचिव समाज कल्याण रजनीश चंद, सेवा समर्पण संस्थान के आलोक कुमार, समाज कल्याण जनजाति विकास निदेशक डा. प्रियंका वर्मा, डीएफओ रेणुकूट मनमोहन मिश्रा, डीएफओ ओबरा प्रखर मिश्रा, उप जिलाधिकारी दुद्धी प्रमोद कुमार, एससी एसटी आयोग के पूर्व सदस्य रामसेवक, समाज कल्याण अधिकारी सोनभद्र रमाशंकर यादव समेत विभिन्न कुल 15 प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में परिषदीय विद्यालयों में कम मिले बच्चे

**सोनभद्र।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने बुधवार को घोरावल ब्लाक के विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। इस पर उन्होंने अध्यापकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। बीएसए ने बताया कि उन्होंने घोरावल ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय शाहगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय जमगांव, प्राथमिक विद्यालय जमगांव, प्राथमिक विद्यालय कोटवा (राबर्ट्सगंज), उच्च प्राथमिक विद्यालय जुडौली, प्राथमिक विद्यालय महुआरिया टोला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक उपस्थित मिले। विद्यालयी व्यवस्था ठीक मिली। बताया कि छात्र उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर सभी विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशकों को विद्यालय का संचालन व विद्यालय पर अपनी उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने के साथ अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि बच्चों के अधिगम स्तर में अपेक्षित सुधार लाएं, अन्यथा संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# बैठक में 69 करोड़ 12 लाख रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत

**सोनभद्र।** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष राधिका पटेल की अध्यक्षता में हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुमानित व्यय 69 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। इसमें से 53 करोड़ 85 लाख रुपये



के व्यय का लक्ष्य रखा गया। बचत का लक्ष्य 19 करोड़ 34 लाख रुपये रखा गया। पिछली बैठक के कार्रवाई की पुष्टि की गई। मंगलवार को हुई बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी विनीत सिंह, राज्यसभा सदस्य रामशकल, दुद्धी विधायक रामदुलार गोंड़ रहे। अपर मुख्य अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में विकास कार्यों से संबंधित विवरण पेश किए गए। इसमें गत बैठक 2021-22 की कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसमें पुनरीक्षित बजट एक अरब 17 करोड़ 71 लाख 97 हजार रुपये स्वीकृत किया गया था, जिसमें से व्यय पक्ष में 95 करोड़ 53 लाख रुपये की स्वीकृति हुई। बचत में 22 करोड़ 26 लाख रुपये सुरक्षित रखा गया। इसके बाद जिला पंचायत का मूल आय व्यय बजट वर्ग 2022-23 का अनुमोदन प्रस्ताव बनाया गया। एएमए ने बताया कि जिला पंचायत के खनिज परिवहन उपविधि के लागू शुल्क दरों में 15 फीसदी वृद्धि दर स्वीकृत पर विचार किया गया। जनपद की जिला योजना वर्ष 2022-23 पर विचार सदस्यों ने किया। जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें सभी सदस्यों की राय ली गई। अध्यक्ष राधिका पटेल की अनुमति से अन्य प्रस्ताव पर विचार किया गया। इस दौरान सदस्य रितु सिंह, मोहन कुशवाहा, अरविद कुमार, उत्तरा त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, रामविचार, जय प्रकाश पांडेय, आशा देवी ने सदन में अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। डीडीओ रामबाबू त्रिपाठी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बिदु अनुसार कार्य में तेजी लाने को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, घोरावल ब्लाक प्रमुख दीपक पटेल, करमा ब्लाक प्रमुख सीमा देवी, नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित आदि रहे।

# विद्यालय बंद होने पर बीएसए ने रोका पूरे स्टाफ का वेतन

**सोनभद्र।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने मंगलवार को राबर्ट्सगंज व करमा ब्लाक के विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बगही, महुलियां, कठपुरवा, गौरी, जोकाही, एलाही व कंपोजिट विद्यालय करकोली देखा। निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय बगही विकास खंड राबर्ट्सगंज प्रातः 8.12 बजे बंद पाया गया। बीएसए ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय बगही पर कार्यरत प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेनू राय, सहायक अध्यापिका करिश्मा कुशवाहा का अपने दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने के क्रम में इनका वेतन अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध किया गया। विद्यालय पर कार्यरत शिक्षामित्र मीनू चौहान व संजू देवी का वर्तमान माह का मानदेय अवरुद्ध किया गया। इसी प्रकार कंपोजिट विद्यालय करकोली के शिक्षामित्र सर्वेश मिश्रा के विद्यालय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये जाने के क्रम में वर्तमान माह का मानदेय रोका गया। विद्यालय निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय जोकाही व कंपोजिट विद्यालय करकोली में फर्श व बाउण्ड्रीवाल टूटा मिला। यहां कायाकल्प के तहत कार्य नहीं हुआ है। इस पर उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक व खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान, एडीओ पंचायत से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में कायाकल्प का कार्य कराएं। साथ ही सभी विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशकों को निर्देशित किया कि विद्यालय का संचालन व विद्यालय पर अपनी उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने के साथ-साथ अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराना सुनिश्चित करें।

# खिलौने की मदद से पढ़ाई के लिए तैयार किए जाएंगे बच्चे

**सोनभद्र।** निपुण भारत अभियान के तहत जिले के परिषदीय विद्यालयों में खिलौने की मदद से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। पहले बच्चों को बाला पेंटिग, खेल सामग्रियों के जरिए विभिन्न तरह की जानकारी दी जाएगी। चित्रों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय तैयारी माड्यूल भी बनाया गया है। निपुण भारत अभियान प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता, संख्या ज्ञान प्राप्त करने व कक्षा 3 तक सभी बच्चों में पढ़ने, लिखने व संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा के लिए तैयार करने हेतु खेल आदि गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि बच्चे सीधे तौर पर विद्यालयों से जुड़ सकें। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने बताया कि कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों के साथ निर्धारित समय तक विद्यालय तैयारी माड्यूल का कार्य किया जाना है। विद्या प्रवेश कार्यक्रम के लिए एक माड्यूल का विकास किया गया है, जिसमें खेल आधारित रोचक गतिविधियां दी गई है। विद्यालयों में कक्ष का वातावरण सुधारने व आकर्षक बनाने के लिए टीएलएम संबंधी निर्देश प्रिंटरिच सामग्री, विभिन्न माड्यूल्स, किट्स, प्रेरणा तालिका आदि का कक्षाओं में अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए बच्चों को शिक्षा दी जानी है। उन्होंने बताया कि यह कार्य आइसीडीएस व बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से होना है। इसको लेकर शासन की गाइड लाइन आ गई है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# अनियंत्रित ट्रक के धक्के से मंदिर क्षतिग्रस्त

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बारी पहला मोड़ स्थित माता दुर्गा मंदिर ट्रक के धक्के से क्षतिग्रस्त हो गया। बगैर नंबर प्लेट का ओवरलोड ट्रक गिट्टी लादकर खनन क्षेत्र के रास्ते से होते हुए वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर मंदिर से जा टकराया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग मुआवजे की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को चौकी परिसर में खड़ा करा दिया। मंदिर समिति ने चौकी में लिखित तहरीर देकर मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग की है।


# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से मंदिर हुआ छतिग्रस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बारी पहला मोड़ स्थित माता दुर्गा मंदिर को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके कारण मंदिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया मिली जानकारी के अनुसार बगैर नंबर प्लेट की ओवरलोड ट्रक गिट्टी लादकर खनन क्षेत्र के रास्ते से होते हुए वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर आ रही थी इसी दौरान अनियंत्रित होकर मंदिर से जा टकरायी जिसके कारण मंदिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, इस दौरान मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई लोग मुआवजे की मांग करने लगे मौके पर पहुंची डाला पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को चौकी परिसर में खड़ा करा दिया है व अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है ,वहीं मंदिर समिति द्वारा चौकी में लिखित तहरीर देकर मंदिर के पुनर्निर्माण कराए जाने का मांग किया है।







# दूसरे दिन भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज

**सोनभद्र।** जनपद में गर्मी का सितम जारी है। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान में 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को जनपद का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री दर्ज किया गया था, जबकि न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री था। इस तरह से 24 घंटे के अंदर अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं हुई, लेकिन न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री अधिक दर्ज किया गया।भीषण गर्मी से आम जनमानस को निजात नहीं मिल पा रही है। सुबह से ही गर्म हवा के थपेड़े लोगों के लिए मुसीबत बने रहे। तेज धूप के कारण दोपहर में घर से निकलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर की अधिकांश सड़कों पर सननटा पसरा रहा। पक्षी व पशु भी दोपहर में छाया की तलाश करते रहे। शाम को सूरज ढलने के बाद लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। बढ़ती गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इस गर्मी में घर से निकलते समय सिर को सूती कपड़े से ढककर ही निकलें और पानी पीते रहें, जिससे तपती दोपहर में गर्मी से राहत मिल सके।

# श्रद्धा भाव के साथ हुई बड़ा देव की स्थापना

**ओबरा (सोनभद्र)।** ग्राम पंचायत पनारी के टोला खाड़र में पारंपरिक श्रद्धा भाव के साथ आदिवासियों द्वारा अपने ईष्ट देवता बड़ा देव भगवान की स्थापना और पूजा की गई। पारम्परिक गोड़ी वादयंत्रों के बीच निकली शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। भीषण गर्मी के बावजूद कठिन जीवनशैली में जीवन यापन के कारण कार्यक्रम में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान कलश स्थापना भी की गई। कार्यक्रम में जिले सहित अन्य प्रदेशों से गोड़ सहित खरवार, अगरिया, परधान, भील, उंराव आदि जनजातियों के लोग शामिल हुए। आयोजन से जुड़े तिरुमाल सूबेदार गोड़ ने बताया कि आदिवासी का विश्वास प्राकृतिक चीजों में रहा है। धरती, आकाश, जल, वायु और अगिन ही सर्वोच्च शक्ति है और सत्य है। यह सार्वभौमिक सत्य शक्ति ही बड़ादेव है। कहा कि पिछले काफी समय से देखा जा रहा था कि आदिवासी वर्तमान परिस्थितियों में जंगलों को ही क्षति पहुंचाने लगे थे। जो कि स्वयं बड़ादेव के प्रतीक हैं। अब बड़ा देव की स्थापना से इसमें कमी आएगी। कहा कि इस स्थान पर लगातार आयोजन होते रहेंगे। इसमें पेड़ों की कटाई रोकने को लेकर जागरूकता भी पैदा की जाएगी। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के



प्रदेश उपाध्यक्ष तिरूमाल रामाशंकर सिंह पोयाम ने कहा कि अपनी संस्कृति और परम्परा को बचाकर ही जंगलों को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस दौरान प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष रामसिंह पोयाम, जिलाध्यक्ष रामनरेश पोयाम, देवा सिंह उइके, सूबेदार सिंह गोंड़, कमलेश सिंह पोयाम, कैलाश पोयाम, रामबली अगरिया, मोहरलाल भारती, जय सिंह पोयाम, बलेंदर सिंह पोयाम, रामसनेही पोयाम एवं फुल सिंह खरवार सहित भारी संख्या में आदिवासी मौजूद रहे।

# 2137 लोगों ने कराया पंजीकरण, मिला योजना का लाभ

**सोनभद्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को चोपन व म्योरपुर ब्लाक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। सीएमओ आरएस



ठाकुर ने बताया कि चोपन ब्लाक में 823 लोगों ने पंजीकरण कराया। इसके अलावा 50 लोगों का आयुष्मान कार्ड व 55 का डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाया गया। म्योरपुर सीएचसी पर आयोजित मेले में 1314 लोगों ने पंजीकरण कराया। 52 लोगों का आयुष्मान कार्ड का निर्माण कराया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल के माध्यम से उन्हें लाभांवित किया गया। मेले में डिपार्टमेंट आफ फूड सेफ्टी, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए हैं। पंजीकृत लोगों ने योजनाओं के संबंध में संबंधित स्टालों पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त की चोपन सीएचसी पर आयोजित मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने फीता काटकर किया। कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को उचित स्वास्थ्य सेवा देने के लिए कृत संकल्प है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। बताया कि चोपन नगर की समस्त ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों पर 19 से 23 अप्रैल के मध्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। म्योरपुर में आयोजित स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ विधायक रामदुलार गोंड़ ने किया। इस दौरान पंजीकृत लोगों की जांच, दवा के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। विधायक ने कहा कि शुद्ध पानी व पोषणयुक्त भोजन से हम स्वास्थ्य रह सकते हैं। इसके लिए खुद को सचेत रहने के साथ सरकार की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं है। कहा कि आने वाले समय में सीएचसी म्योरपुर महिला चिकित्सा, आधुनिक जांच के लिए अपना अलग पहचान रखेगा। इसके लिए सरकार से मांग किया जा रहा है। इस मौके पर डा. राजीव रंजन, रविदत्त मिश्रा, सरोज देवी, पननलाल जायसवाल, आशीष कुमार आदि रहे।

# चेन्नई को मुंबई के खिलाफ मैच से पहले झटका स्टार खिलाड़ी ने इस वजह से छोड़ा बायो बबल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में मुंबई और चेन्नई का प्रदर्शन अब तक चिंताजनक रहा है। गुरुवार 21 अप्रैल शाम इन दोनों ही टीमों का सामना होना



है। इस मैच में मुंबई के लिए टूर्नामेंट में खुद को बनाए रखने का आखिरी मौका होगा क्योंकि टीम लगातार छह मैच हार चुकी है। वहीं चेन्नई को 6 मैच खेलने के बाद महज एक ही जीत मिली है ऐसे में यह मुकाबला उसके लिए भी बेहद अहम है। चेन्नई की टीम को मैच से पहले एक बड़ा झटका लगा। आईपीएल 2022 के 33वें मुकाबले में 4 बार की चैंपियन सीएसवे का सामना 5 बार की विजेता मुंबई इंडियंस से होना है। करो या मरो के इस मुकाबले के लिए चेन्नई की टीम का बड़ा खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होगा। ओपनर डेवोन कॉन्वे की शादी होने जा रही है। साउथ अफ्रीका में मंगेतर किम संग वो शादी करने वाले हैं। कुछ दिन पहले ही चेन्नई की टीम ने दोनों के प्री वेडिंग पार्टी का वीडियो शेयर किया था। शादी की वजह से 24 अप्रैल तक वह टीम चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे इसके बाद 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के लिए वह मौजूद रहेंगे।कॉन्वे और किम की प्री-वेडिंग का आयोजन कुछ दिन पहले ही किया गया था। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी चेन्नई ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में चेन्नई की टीम के सभी खिलाड़ी यहां तक की कॉन्वे और किं भी भारतीय परिधान में नजर आ रहे हैं। टीम के सभी खिलाडियों ने इस पार्टी में जमकर नाच गाना और मस्ती की।

# वाइड न मिलने पर भड़के थे स्टोइनिस, अब आया उन पर मैच रेफरी का फैसला

**नई दिल्ली।** लखनऊ के आलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को आइपीएल कोड आफ कंडक्ट तोड़ने के आरोप में फटकार लगाई गई है। बैंगलोर



के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में मैच के दौरान जब जोश हेजलवुड गेंदबाजी कर रहे थे उनकी पहली गेंद को वाइड न दिए जाने के बाद उन्होंने अंपायर के साथ इसको लेकर बहस की थी। वे अगली ही गेंद पर आउट हो गए थे जिसके बाद उनका गुस्सा और भी बढ़ गया। उन्होंने पवेलियन की तरफ जाते हुए अपने बैट को गुस्से में घुमाना चाहा। हालांकि वे बीच में ही रुक गए क्योंकि यदि वो ऐसा करते तो आरसीबी का खिलाड़ी चोटिल हो सकता था। इस कारण उन्हें आइपीएल कोड आफ कंडक्ट के तहत लेवल 1 को दोषी पाया गया। उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए 19वें ओवर में जब हेजलवुड ने पहली गेंद डाली तो तो स्टोइनिस ने गेंद डालने से पहले थोड़ी चहलकदमी की थी। हालांकि रिप्ले में पता चला कि गेंद वाइड होनी चाहिए थी। अगली गेंद पर वे क्लीन बोल्ड हो गए जिसके बाद वे अपना आपा खो बैठे और चिल्लाते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी।

# बांग्लादेश के पूर्व स्पिनर का 40 साल की उम्र में निधन, पूरे करियर में चटकाए 576 विकेट

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट के लिए बुधवार को बेहद दुखी करने वाली खबर सामने आई। महज 40 साल की उम्र में टीम के पूर्व स्पिनर मुशर्रफ



हुसैन का निधन हो गया। बायें हाथ के पूर्व स्पिनर हुसैन का इलाज लंबे समय से चल रहा था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने यह जानकारी दी। बीसीबी ने 40 साल के हुसैन के निधन की घोषणा ट्विटर पर की। हुसैन के परिवार में पतनी के अलावा एक बच्चा है। बीसीबी ने ट्वीट किया, 'बीसीबी बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के पूर्व खिलाड़ी मुशर्रफ हुसैन रूबेल के निधन पर शोक व्यक्त करता है। बायें हाथ के इस स्पिनर ने दो दशक के अपने करियर के दौरान सभी प्रारूपों में 550 से अधिक विकेट हासिल किए। बीसीबी सहानुभूति और शोक जाहिर करता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, हुसैन का निधन मंगलवार को हुआ। वह मस्तिष्क के कैंसर से जूझ रहे थे। उन्हें मार्च 2019 में इस बीमारी का पता चला था। उपचार के बाद वह इस बीमारी से उबर गए थे, लेकिन नवंबर 2020 में ट्यूमर दोबारा उभर आया। हुसैन दो हफ्ते से अधिक समय से अस्पताल में थे, लेकिन हाल में कीमोथेरेपी के बाद घर लौट आए थे। ढाका में 1981 में जन्मे हुसैन ने बांग्लादेश के लिए 2008 और 2016 के बीच पांच वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इस दौरान चार विकेट हासिल किए। हुसैन बांग्लादेश में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 3000 रन और 300 विकेट की उपलब्धि हासिल करने वाले सात क्रिकेटरों में से एक हैं। हुसैन को 2013 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के फाइनल में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

# २०२२ के बीच में वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज ने लिया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस टीम की तरफ से खेलने वाले विस्फोटक आलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। बुधवार 20 अप्रैल को उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इस बेहद चौकाने वाले फैसले की जानकारी दी। इसी साल भारत के दौरे पर पोलार्ड ने टी20 और वनडे सीरीज खेली थी। पोलार्ड ने वीडियो जारी करते हुए कहा, ठकाफी सावधानी से चर्चा करने के बाद मैंने आज इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया है। जैसा की कई सारे युवा खिलाडियों का होता है मेरा भी सपना वेस्टइंडीज की टीम के लिए खेलने का था जबकि मैं महज 10 साल का लड़का था। इस बात का मुझे बेहद गर्व है कि मैंने पिछले 15 सालों तक वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का वनडे और टी20 दोनों ही फार्मेट में नेतृत्व किया। क्रिकेट के फटाफट फार्मेट टी-20 के धुरंधर माने जाने वाले 34 साल के पोलार्ड ने वेस्टइंडीज की तरफ से कुल 123 वनडे मैच खेले जबकि 101 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में भी अपनी भागेदारी दी। पोलार्ड के नाम वनडे में 2706 के साथ कुल 55 विकेट दर्ज हैं। वहीं टी20 में उन्होंने अपने देश की तरफ से खेलते हुए 1569 रन के साथ 42 विकेट चटकाए हैं।



# विजडन क्रिकेटर आफ द इयर की टाप 5 खिलाडियों में रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह नामित


**नई दिल्ली।** अभी हाल ही में इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले जो



रूट को विजडन क्रिकेटर आफ द इयर के लिए अग्रणी क्रिकेटर के रूप में चुना गया है। 2021 में उनके प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने इस दौरान 15 टेस्ट मैचों में 61 की औसत से 1,708 रन बनाए हैं। लेकिन बावजूद इसके उनकी कप्तानी में इंग्लैंड की टीम आखिरी 17 टेस्ट मैचों में केवल एक ही जीत दर्ज कर पाई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ हार के बाद उनके कप्तानी छोड़ने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे।इस सूची में दो भारतीय खिलाडियों को भी जगह मिली है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह को शीर्ष पांच खिलाड.ियों में स्थान मिला है। रोहित शर्मा ने पिछले साल खेले गए टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चार टेस्ट मैचों में 52 की औसत से 368 रन बनाए थे जिसमें उनकी लाड्र्स में खेली गई 83 रनों की शानदार पारी भी शामिल थी। इसके अलावा उन्होंने ओवल में 127 रनों की पारी खेली थी।रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह ने भी इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया था। उन्होंने चार टेस्ट मैचों मे 20 की औसत से 18 विकेट लिए थे। इन दोनों के शानदार प्रदर्शन के बाद भारत ने 2-1 से बढ़त ली थी। सीरीज का 5वां मैच जुलाई में खेला जाएगा। इन दोनों के अलावा टाप 5 क्रिकेटरों में डेवान कान्वे, आली राबिन्सन और वैन निएकर जैसी खिलाडियों का नाम है। कान्वे ने अपने पहले टेस्ट इनिंग्स में लार्डस में 200 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। उन्होंने अगले मैच में 80 रन की पारी खेल कर 22 साल बाद न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ जीत दिलाई थी।

# मुंबई के सामने ये हो सकती है चेन्नई की प्लेइंग इलेवन, गायकवाड़ और दुबे की बल्लेबाजी पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की दूसरी सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स जब मुंबई के सामने उतरेगी तो उसके पास अपनी पुरानी राइबलरी को जारी रखने की चुनौती होगी। इस सीजन में चेन्नई की टीम अब तक केवल एक मुकाबला जीत पाई है। उसने



एकमात्र जीत आरसीबी के खिलाफ दर्ज की थी। उस मैच में चेन्नई के बल्लेबाज शिवम दुबे और राबिन उथप्पा ने शानदार पारी खेली थी। दुबे ने 95 रन और उथप्पा ने 88 रन की पारी खेली थी। इन दोनों की बल्लेबाजी के दम पर ही चेन्नई ने सीजन की पहली जीत दर्ज की थी। लेकिन अगले मैच में ही चेन्नई को गुजरात के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इस मैच में गायकवाड़ ने अर्धशतकीय पारी खेल कर फार्म में लौटने के संकेट दिए थे। चेन्नई की ओपनिंग बल्लेबाजी- रुतुराज गायकवाड़ और राबिन उथप्पा के तौर पर टीम की ओपनिंग जोड़ी चल नहीं पा रही है। पिछले मैच में पहली बार रुतुराज गायकवाड़ ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। लेकिन किसी भी मैच में चेन्नई की ओपनिंग जोड़ी अच्छा स्टार्ट नहीं दे पाई है। इस मैच में यदि चेन्नई को जीत दर्ज करनी है तो उसे शुरुआत अच्छी करनी होगी। मध्यक्रम में चेनन्ई- मध्यक्रम में चेन्नई के पास शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, मोइन अली, अंबाती रायडू जैसे बल्लेबाज हैं। लेकिन एक साथ कोई भी बल्लेबाज एक ही मैच में चला नहीं है। पिछले मैच में दुबे ने अच्छी पारी खेली थी। उम्मीद है कि मुंबई के खिलाफ मैच में भी टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में कामयाब होगी। गेंदबाजी में चेन्नई- ड्वेन ब्रावो को छोड़कर चेनन्ई का कोई भी गेंदबाज लय में नजर नहीं आ रहा है। ब्रावो के अलावा ड्वेन प्रिटोरियस और मुकेश चौधरी के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाज मौजूद हैं। स्पिन गेंदबाजी की बात करें तो महेश तीक्ष्णा अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। रुतुराज गायकवाड़, राबिन उथप्पा, मोइन अली, अंबाती रायडू, शिवम दुबे, एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा(कप्तान), ड्वेन प्रिटोरियस, ड्वेन ब्रावो, महेश तीक्ष्णा, मुकेश चौधरी।

# चेन्नई के सामने ये होगी मुंबई की प्लेइंग इलेवन, हर हाल में दर्ज करनी होगी जीत

**नई दिल्ली।** चेन्नई के खिलाफ मुंबई का पलड़ा भले ही भारी हो लेकिन ये सीजन मुंबई के लिए उम्मीद के विपरीत रहा है। टीम 6 मैच खेल चुकी है लेकिन अब तक एक भी



जीत दर्ज नहीं कर पाई है। चेन्नई के खिलाफ टीम की राइबलरी हमेशा से रही है इसलिए वे इस मैच को अपने पक्ष में करके इस रिकार्ड को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। रोहित शर्मा इस मैच में हर हाल में अपनी टीम को एक अच्छी शुरुआत देने की कोशिश करेंगे दूसरी तरफ इशान किशन भी शुरुआती कुछ मुकाबलों के बाद रंग में नजर नहीं आ रहे हैं। इस मैच में दोनों के ऊपर टीम को ठोस शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। मुंबई की ओपनिंग जोड़ी- टीम में इशान किशन और रोहित शर्मा के रूप में ओपनिंग जोडी. है। ओपनिंग जोड़ी अब तक टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकामयाब रही है। चेन्नई की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर मुंबई अच्छी शुरुआत करना चाहेगी और बड़ा स्कोर कर अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी। मध्यक्रम में मुंबई- पांड्या ब्रदर्स की अनुपस्थिति में टीम का मध्यक्रम कमजोर नजर आ रहा था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह से कुछ मैचों में प्रदर्शन किया है उसके बाद टीम की ये परेशानी कम हुई है। तिलक वर्मा भी उनका अच्छा साथ दे रहे हैं। लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस ने अपनी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है। कीरोन पोलार्ड के बल्ले से रन न निकलना टीम के लिए चिंता की बात है। उम्मीद है इस मैच में पोलार्ड एक मजबूत फिनिशर के तौर पर सामने आएंगे। जसप्रीत बुमराह का साथ देने के लिए टीम में कोई भी गेंदबाज नहीं है। वे एक तरफ से दबाव तो बनाते हैं लेकिन उनको दूसरे छोर से साथ नहीं मिलता है। जयदेव उनादकट और टायमल मिल्स कुछ खास नहीं कर पा रहे है। स्पिन गेंदबाजी की बात करें तो फैबियन एलन और मुरुगन अश्विन के तौर पर टीम में विकल्प तो है लेकिन वे विकेट नहीं दिला पा रहे है। इशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा(कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, कीरोन पोलार्ड, फैबियन एलन, जयदेव उनादकट, मुरुगन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, टायमल मिल्स।

## नीदरलैंड्स के कोच कैंपबेल कोमा से बाहर, हार्ट अटैक के बाद से ICU में भर्ती

**लंदन।** विश्व क्रिकेट को बुधवार को एक राहत भरी खबर सुनने को मिली। नीदरलैंड्स की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर रेयान कैंपबेल अब कोमा से बाहर हैं। पिछले हफ्ते उनको दिल का दौरा पड़ने के बाद लंदन के एक अस्पताल में तुरंत ही भर्ती कराया गया था। उनके कोमा से बाहर आने की खबर से प्रसंशकों काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं लेकिन दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें अब भी गहन चिकित्सा इकाई (आइसीयू) में रखा गया है।शनिवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद 50 वर्षीय कैंपबेल को आइसीयू में भर्ती कराया गया था। ब्रिटेन में अपने परिवार के साथ रह रहे कैंपबेल को सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई महसूस हुई थी।

# आईपीएल 2022 के प्लेआफ में अब भी पहुंच सकती है चेन्नई और मुंबई की टीम, जानिए कितनी है उम्मीद

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में टूर्नामेंट की सबसे सफल दो टीमें मुंबई इंडियंस और चेनन्ई सुपर किंग्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। चेन्नई ने तो फिर भी एक जीत हासिल की है, मुंबई के अंकों का खाता तो 6 मैच खेलने के बाद भी नहीं खुल पाया है। अब ऐसे में सबके मन में सवाल यही है कि इन दोनों टीमों की प्लेआफ की उम्मीदें जिंदा हैं या खत्म हो गई आइपीएल के इस सीजन में अब तक का खेल देखें तो पांच बार की चैंपियन मुंबई ने सबसे ज्यादा निराश किया है। लगातार छह मुकाबले में उसे हार मिली है। वहीं चार बार इस ट्राफी को उठाने वाली चेन्नई का हाल भी बहुत अच्छा नहीं है। वहीं इस सीजन में उतरी



दो नई टीमें गुजरात और लखनऊ ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात की टीम इस सीजन 10 अंकों तक पहुंचने वाली पहली टीम बनी। बाकी टीमों से अंकों का फासला बढ़ने की वजह से अब दोनों पूर्व चैंपियन टीम चेन्नई और मुंबई के प्लेआफ का सफर खत्म ही माना जा रहा है यह पहला मौका है जब मुंबई की टीम ने लगातार छह मुकाबले खेले हैं और उसे एक भी जीत नसीब नहीं हुई। इससे पहले पांच मैच हारने के बाद भी टीम ने प्लेआफ में जगह बनाई थी लेकिन इस बार मामला अलग है। टीम ने 6 मैच गंवा दिए हैं और अब आगे उसके सामने 8 मैच बचे हैं। सभी 8 मैच जीतना चमत्कार से कम नहीं होगा और इन मुकाबलों में जीत हासिल करने के बाद भी मामला नेट रन रेट का होगा जो मुंबई का बहुत ही खराब है। टीम -1.048 नेट रन रेट के साथ इस वक्त अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। फैंस जरूर चमत्कार की उम्मीद कर रहे होंगे लेकिन आंकड़ों के मुताबिक अब टीम का सफर लगभग खत्म हो गया है।

# बीसीसीआइ ने बदला दिल्ली ने राजस्थान के मैच की जगह, पुणे नहीं मुंबई में होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की टीम के सदस्यों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद अब आयोजन स्थल में बदलाव किया जा रहा है। पंजाब के साथ होने वाले मैच के बीसीसीआई ने पुणे की जगह पर मुंबई के ब्रेबान स्टेडियम में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। अब राजस्थान के खिलाफ होने वाले अगले मुकाबले को भी मुंबई में ही शिफ्ट कर दिया गया है।दिल्ली की टीम के 2 खिलाड.ियों समेत कुल 6 सदस्य कोरोना की चपेट में आ गए हैं। कोरोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए टीम के यात्रा पर बीसीसीआइ ने रोक लगा दी है। मेल द्वारा बीसीसीआइ ने इस बात की जानकारी दी है कि टीम के खिलाड़ी टिम सेईफर्ट को संक्रमित पाया गया जिसके बाद सभी खिलाडियों को दोबारा आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया। पुणे में 22 अप्रैल शुक्रवार को होने वाले मैच को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है। बीसीसीआइ ने इस मैच के जगह बदलने की



जानकारी देते हुए बताया, दिल्ली कैपिटल्स के दल में छठे कोरोना मामले के सामने आने की वजह से ही मुकाबले के जगह के आयोजन स्थल को बदलने का फैसला लिया गया है। न्यूजीलैंड के विकेटकीपर टिम सेईफर्ट को भी आरटीपीसीआर टेस्ट में पॉजिटिव पाय गया है। गौरतलब है सबसे पहले टीम के फीजियो पैट्रिक फारहाट को कोरोना संक्रमित पाया गया था। इसके बाद टीम के सभी खिलाडियों को होटल में अलग रहने की सलाह दी गई थी। इसके बाद आस्ट्रेलिया के आल राउंडर मिचेल मार्श के कोरोना संक्रमित होने की खबर टीम ने सोशल मीडिया के जरिए दी। उनके अस्पताल में भर्ती कराने की खबर ने सभी फैंस के साथ साझा की थी।

# राशिफल

**मेष-**:आज आप कुछ तनाव में रह सकते हैं। आज से आपको बुरी आदतों को छोड़ देना चाहिए। जीवन साथी के साथ मधुरता बनी रहेगी।

**वृष-**:आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रूचि लेंगे। अगर आप किसी सरकारी काम से जा रहे हैं तो अपने साथ जरूरी दस्तावेज ले जाना न भूलें।

**मिथुन-**:आपका कठोर व्यवहार आपके जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव ला सकता है. ऐसा कोई भी काम करने से पहले उसके अंजाम के बारे में सोच लें।

**कर्क-**:अगर आप अविवाहित हैं तो आज आपको कई प्रस्ताव मिल सकते हैं. वह व्यक्ति आज आपको कोई प्रस्ताव भी भेज सकता है, जिससे आप आकर्षित है

**सिंह-**:आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. आज आप हर चुनौती का डटकर सामना करेंगे। विद्याथिर्यों को आज थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी

**कन्या-**:आपकी शाम कई तरह की भावनाओं से घिरी रहेगी और इसलिए तनाव भी दे सकती है. लेकिन ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आपकी खुशी आपको आपकी निराशाओं से ज्यादा खुशी देगी।

**तुला-**:आज धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी. संतों का साथ मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को पद मिल सकता है। पारिवारिक माहौल वैसा ही रहेगा।

**वृश्चिक-**:आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई भी काम शुरू करने से पहले बड़ों की सलाह जरूर लें। आज किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें, क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**धनु-**:किसी भी कीमत पर आपा न खोएं अन्यथा परिवार में अनबन हो सकती है. यदि आप प्रयास करेंगे तो आप शांति और सद्भाव बनाए रखने में सक्षम होंगे।

**मकर-**:बुरी आदतों को छोड़ने के लिए आज का दिन उत्तम है. राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी होगी। आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखें।

**कुंभ-**:आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। दोस्तों के साथ मस्ती में दिन बीतेगा। दोस्तों के साथ पार्टी में जाएंगे, पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी।

**मीन-**:अधिक भोजन और शराब के सेवन से बचें। बैंक से जुड़े लेन-देन में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। आपका जीवन साथी आपकी मदद करेगा और मददगार साबित होगा।

# सम्पादकीय

## यदि हमें जीवन से प्यार है तो धरती की सिसकी भी सुननी होगी और उसकी रक्षा करनी होगी

जाने कब से यह धरती सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, वनस्पतियों आदि के लिए आधार बनकर जीवन और भरण-पोषण का भार वहन करती चली आ रही है। कभी मनुष्य भी अपने को कोई विशिष्ट प्राणी न मानकर प्रकृति का अंग समझता था। मनुष्य की स्थिति शेष प्रकृति के अवयवों के एक सहचर के रूप में थी। मनुष्य को प्रकृति के रहस्यों ने आकृष्ट किया और अग्नि, वायु आदि में देवत्व की प्रतिष्ठा होने लगी और वे पूज्य और पवित्र माने गए। प्रकृति के प्रति आदर और सम्मान का भाव रखते हुए, उसके प्रति कृतज्ञता का भाव रखा गया। उसके उपयोग को सीमित और नियंत्रित करते हुए त्यागपूर्वक भोग की नीति अपनाई गई, लेकिन धीरे-धीरे बुद्धि, स्मृति और भाषा के विकास और अपने कार्यों के परिणामों से चमत्कृत होते मनुष्य की दृष्टि में बदलाव शुरू हुआ। प्रकृति की शक्ति के भेद खुलने के साथ मनुष्य स्वयं को शक्तिवान मानने लगा। प्रकृति के संसाधनों के प्रकट होने के साथ दृश्य बदलने लगा और मनुष्य ने उनका दोहन करना शुरू किया। उद्योगीकरण, आधुनिकीकरण और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास के साथ मनुष्य और प्रकृति के रिश्तों में उलटफेर शुरू हुआ। प्रकृति को नियंत्रित करना और उसे अपने निहित उद्देश्यों की पूर्ति में लगाना स्वाभाविक माना जाने लगा। बुद्धि-वैभव बढ? के साथ अपनी उपलब्धि पर इतराते-इठलाते मनुष्य ने अपने को स्वामी और प्रकृति को अपनी चेरी का दर्जा देना शुरू किया। प्रकृति में उपलब्ध कोयला, पेट्रोलियम पदार्थों और विभिनन्न गैसों ने ऊर्जा के ऐसे स्रोत प्रदान किए कि मनुष्य को मानों पर लग गए। उसकी लोभ-वृत्ति ने छलांग लगानी शुरू की और प्रकृति के शोषण की गति निरंतर बढ़ती गई। पहले बड़े देशों ने शोषण की राह दिखाई और उन्हें विकसित कहा जाने लगा। फिर छोटे देशों ने भी अनुगमन शुरू किया। यह मान कर कि प्रकृति निर्जीव, अनंत और अपरिमित है, मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों को हथियाने की मुहिम छेड़ दी, जो तीव्र होती गई और यहां तक कि उसने हिंसात्मक रूप ले लिया। यह अक्सर भुला दिया जाता है कि प्रकृति जीवंत है और ब्रह्माड की समग्र व्यवस्था में धरती की इस अर्थ में खास उपस्थिति है कि सिर्फ यहीं पर जीवन की सत्ता है। इस धरती की सीमा है। उसका विकल्प नहीं है। आज हम जिस दौर में पहुंच रहे हैं, उसमें पृथ्वी को पवित्र और पूज्य न मान कर उपभोग्य माना जा रहा है। आज स्वार्थ की आंधी में जिसे जो भी मिल रहा है, उस पर अपना अधिकार जमा रहा है। विकास के नाम पर वन, पर्वत, घाटी, पठार, मरुस्थल, झील, सरोवर, नदी और समुद्र जैसी भौतिक रचनाओं को ध्वस्त करते हुए मनुष्य के हस्तक्षेप पारिस्थितिकी के संतुलन को बार-बार छेड़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति घोर असंतुलन पैदा कर रही है, जिसके परिणाम अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, भूस्खलन, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखाई पड़ते हैं। मनुष्य के हस्तक्षेप के चलते जैव विविधता घट रही है और बहुत से जीव-जंतुओं की प्रजातियां समाप्त हो चुकी हैं। हमारा मौसम का क्रम उलट-पलट रहा है। गर्मी, जाड़ा और बरसात की अवधि खिसकती जा रही है, जिसका असर खेती, स्वास्थ्य और जीवन-क्रम पर पड़ रहा है। वैश्विक रपटें ग्लेशियर पिघलने और समुद्र के जल स्तर के ऊपर उठने के घातक परिणामों की जानकारी दे रही हैं। यदि यही क्रम बना रहा तो कई देशों के नगर ही नहीं, कई देश भी डूब जाएंगे। प्रगति के लिए किए जाने वाले हमारे कारनामों से ऐसी गैसों का उत्सर्जन खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है, जो वायुमंडल को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। धरती के संसाधनों के दोहन का हिसाब लगाएं तो भेद इतना है कि यदि जर्मनी और अमेरिका की तरह सभी देश उपभोग करने लगें तो एक धरती कम पड़ेगी। प्रकृति के सभी अंगों में परस्पर निर्भरता और पूरकता होती है, पर हम उसकी अनदेखी करते हैं। इस उपेक्षा वृत्ति के कई कारण हैं। एक यह कि परिवर्तन अक्सर धीमे-धीमे होते हैं और सामान्यतः आम जन को उनका पता नहीं चलता। उदाहरण के लिए आक्सीजन, वृक्ष और कार्बन डाई-आक्साइड के रिश्ते को हम ध्यान में नहीं ला पाते। आज पेड़ कट रहे और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल मैदानों में ही नहीं, पहाड़ों पर भी खड़े हो रहे हैं। जीवन की प्रक्रिया से इस तरह का खिलवाड़ अक्षम्य है, पर विकास के चश्मे में कुछ साफ नहीं दिख रहा है और हम सब जीवन के विरोध में खड़े होते जा रहे हैं। दूसरा कारण यह है कि प्रकृति और पर्यावरण की जिम्मेदारी किसी अकेले की नहीं, समाज की होती है, लेकिन लोग उसे सरकार पर छोड़ देते हैं।

## रूस को लेकर भारत पर दबाव बनाने से बचेंगे बोरिस जानसन, द्विपक्षीय संबंधों पर ज्यादा फोकस की होगी ब्रिटेन की कोशिश...........

दो दिवसीय यात्रा पर गुरुवार सुबह भारत आने वाले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन रूस को लेकर नीतिगत दबाव बनाने की कोई कोशिश नहीं करेंगे। पिछले पखवाड़े भारत यात्रा पर आई ब्रिटिश विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रुस और उसके बाद अमेरिका के साथ टू-प्लस-टू वार्ता में भारत ने यूक्रेन-रूस युद्ध पर जिस तेवर के साथ साफगोई दिखाई है, उसे देखते हुए ही जानसन को ऐसा रुख अपनाना



पड़ेगा। दोनों देशों के बीच होने वाली वार्ता से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जानसन के बीच होने वाली बैठक में यूक्रेन-रूस से ज्यादा द्विपक्षीय रिश्तों पर फोकस होगा। दोनों पक्षों की कोशिश है कि जब वैश्विक व्यवस्था में बदलाव का संकेत है, तब मोदी और जानसन की बैठक में द्विपक्षीय रिश्तों की दशा-दिशा पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। जानसन अपनी यात्रा के पहले पड़ाव के तौर पर गुरुवार सुबह आठ बजे अहमदाबाद में अपने विशेष विमान से उतरेंगे। रात 10.30 बजे वे दिल्ली आएंगे और शुक्रवार को उनकी पीएम मोदी के साथ शीर्षस्तरीय वार्ता होगी। रात 10.30 बजे उनका विमान ब्रिटेन के लिए वापस उड़ान भर लेगा। सत्ता में दोबारा लौटने के बाद ब्रिटिश पीएम की यह भारतीय प्रधानमंत्री के साथ पहली विस्तृत द्विपक्षीय वार्ता होगी। वर्ष 2021 में दो बार यात्रा की पूरी तैयारी करने के बावजूद कोविड महामारी की वजह से जानसन भारत नहीं आ सके थे। उनकी ग्लासगो में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई थी। लेकिन वह ज्यादा विस्तृत नहीं थी। ऐसे में आगामी वार्ता का एजेंडा बहुत बड़ा है। यह पूछने पर भारत पर यूक्रेन-रूस को लेकर ब्रिटेन कितना दबाव बनाएगा, ब्रिटिश उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रुस ने पहले ही साफ कर दिया है कि ब्रिटेन भारत को यह नहीं बता सकता कि उसे क्या करना चाहिए। एक पुराने लोकतांत्रिक और करीबी साझेदार होने की वजह से हम सिर्फ कुछ बातें भारत के समक्ष रख सकते हैं। वैसे भी यह यात्रा यूक्रेन-रूस की स्थिति को देखते हुए तय नहीं किया गया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों का एजेंडा काफी बड़ा है। कारोबारी रिश्ते काफी अहम होंगे। दोनों देशों के बीच कारोबारी समझौता करने के लिए बातचीत काफी तेज रफ्तार से चल रही है। जनवरी के बाद दो दौर की वार्ता हो चुकी है। तीसरे दौर की वार्ता अगले हफ्ते है। मोदी और जानसन इसकी समीक्षा करेंगे। हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के बीच लगातार संपर्क बना हुआ है। ब्रिटेन ने जब से हिंद प्रशांत को लेकर अपनी नीति का एलान किया है, तब से दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र में सहयोग की नई संभावनाओं पर बात हो रही है। समुद्री क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन के बीच पहले से खासा संबंध है। अब इसे हिंद प्रशांत क्षेत्र में ज्यादा व्यापक बनाने की संभावना दिख रही है। सूत्रों ने बताया कि दूसरी वजहों से हिंद प्रशांत क्षेत्र से ध्यान हटाया नहीं जा सकता। यह क्षेत्र भारत और ब्रिटेन के लिए काफी महत्वपूर्ण हो गया है। दोनों नेताओं के बीच हरित प्रौद्योगिकी और हरित तकनीक के लिए जरूरी फंड जुटाने पर भी बातचीत होने की संभावना है। नवंबर 2021 में ग्लासगो में मोदी और जानसन ने ग्रीन ग्रिड इनिशिएटिव (दुनिया भर में स्वच्छ ऊर्जा को एक दूसरे से जोड़ने के अभियान) की शुरुआत की थी। इस बारे में आगे किस तरह से कदम उठाना है, इस पर बातचीत होनी है। इस अभियान की अगुआई भारत व ब्रिटेन ही करेंगे। यूरोपीय देशों के साथ रिश्तों पर भारत सरकार का फोकस किस तरह से बढ़ा है, इसके बारे में हम दोनों तरफ से होने वाली यात्राओं से अंदाजा लगा सकते हैं। ब्रिटेन के पीएम बोरिस जानसन की यात्रा के दो दिन बाद यूरोपीय आयोग की प्रेसिडेंट उर्सला वो डेर लेयन नई दिल्ली आएंगी। इसी बीच नार्वे की विदेश मंत्री एनिकेन हुएतफत भी भारत 25 अप्रैल को पहुंच रही हैं। इसके बाद पीएम नरेन्द्र मोदी मई, 2022 के पहले हफ्ते में जर्मनी, फ्रांस और फिनलैंड जाने की तैयारी में हैं। पीएम मोदी की जर्मनी और फ्रांस की यात्रा की घोषणा अगले हफ्ते विदेश मंत्रालय करेगा। यूरोपीय देशों की तरफ से भारत के साथ हर तरह के रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने की कोशिश हो रही है।

## पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में आया बदलाव, इन राज्यों में बारिश के आसार, जानें- ताजा अपडेट

पिछले कुछ दिनों ने भीषण गर्मी और लू के थपेड़े झेल रहे दिल्ली-एनसीआर वालों को आज गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। आसमान में सुबह से ही बादल छाए रहने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 38 डिग्री के करीब रहने की संभावना है और हल्की बारिश भी पड़ने का अनुमान



है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों में अगले 24 घंटे के दौरान मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। बता दें कि उत्तर भारत में इन दिनों जबरदस्त गर्मी पड़ रही है। यूपी, बिहार, दिल्ली, हरियाणा आदि जैसे राज्यों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, आज कई राज्यों में मौसम बदलने वाला है। कुछ राज्यों में बारिश के आसार जताए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज बारिश हो सकती है, जबकि असम और मेघालय में अगले पांच दिनों तक बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है, जबकि अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। गुजरात के अहमदाबाद में आज का न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहने वाला है। मध्य प्रदेश की बात करें तो भोपाल में आज का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मौसम विभाग ने आज यहां बारिश की संभावना जताई है। वहीं स्काईमेट वेदर के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। भीषण गर्मी के बीच मौसम में अचानक आए बदलाव का बड़ा कारण हिमालय के ऊपर से निकल रहे एक पश्चिमी विक्षोभ को बताया जा रहा है। बुधवार दोपहर से इसमें आया बदलाव गुरुवार तक बना रहेगा। गुरुवार सुबह से ही सड़कों पर हवा के कारण धूल उड़ती नजर आई वहीं बादल छाए रहने से चिलचिलाती धूप से निजात मिली। बता दें कि आज दिल्ली सहित कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि इससे गर्मी से बहुत ज्यादा निजात मिलने की संभावना नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता व दक्षिण से आ रही नम हवाओं के दबाव के चलते आज (बृहस्पतिवार) गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के पर्वतीय इलाकों में तेज गर्जना के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। पर्वतीय इलाकों में बिजली गिरने के साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की भी संभावना जताई है। कहीं-कहीं हवाओं की रफ्तार 80 किमी प्रति घंटा हो सकती है। ऐसे में अलर्ट रहने की भी जरूरत है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को बारिश-बर्फबारी को लेकर जारी येलो अलर्ट बेअसर साबित हुआ। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में बुधवार को मौसम साफ रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने गुरुवार और शुक्रवार को भी कई जिलों में बारिश और अंधड़ की चेतावनी जारी की है। 23 और 24 अप्रैल को मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। बुधवार को शिमला सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में धूप खिली। स्काईमेट वेदर के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, पश्चिमी हिमालय, सिक्किम, हिमालयी पश्चिम बंगाल और पूर्वी बिहार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। झारखंड में दक्षिण गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, ओडिशा के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

## 2022 क्या वर्ष 2030 तक भारत अपने लक्ष्य को कर सकेगा हासिल जानें क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल में कहा था कि भारत में मातृ मृत्यु अनुपात एमएमआर में दस अंक की गिरावट आई है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक प्रति लाख एमएमआर के एसडीजी लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी मातृ मृत्यु अनुपात पर एक विशेष बुलेटिन का हवाला देते हुए मंत्रालय ने कहा कि देश में एमएमआर में लगातार कमी देखी जा रही है। रजिस्ट्रार जनरल को यह बुलेटिन भारत के लिए एक राहत देने वाला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी मातृ मृत्यु दर को कम करने के भारत के प्रयासों की सराहना कर चुका है। हालांका, इस दिशा में अभी भी एक और बड़ी पहल की जरूरत है। विकसित मुल्कों की तुलना में हम अभी बहुत पीछे हैं। खासकर भारत को उच्च एमएमआर वाले राज्यों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या भारत अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेगा क्या भारत की योजनाएं इस दिशा में सही काम कर रही है। आइए जानते हैं इस पर विशेषज्ञों की क्या राय है। मंत्रालय ने कहा कि देश में एमएमआर में लगातार कमी देखी जा रही है। वर्ष 2014-2016 में एमएमआर 130 प्रति लाख थी, 2015-17 में 122 प्रति लाख जबकि 2016-18 में एमएमआर 113 प्रति लाख हो गई। वहीं 2017-19 में एमएमआर 103 प्रति लाख थी। इस लगातार गिरावट के साथ, मंत्रालय ने कहा था कि भारत 2020 तक 100 प्रति लाख जीवित जन्मों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी) के लक्ष्य को प्राप्त करने के कगार पर है और 2030 तक निश्चित रूप से 70 प्रति लाख एमएमआर के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। बता दें कि मातृ मृत्यु अनुपात एक निश्चित समय अवधि के दौरान प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर मातृ मृत्यु की संख्या है। पिछले एक दशक में किए गए सुधारों की वजह से एमएमआर



में लगातार कमी आई है। यानी बच?चों के जन?म पर होने वाली माताओं की मृत्यु दर कम हुई है। इसके अंतर्गत देश के सबसे पिछड़े तथा सीमान्त क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तथा उसकी व्यापक पहुंच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसी सरकारी योजनाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके अंतर्गत लक्ष्य, पोषण अभियान, प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा हाल ही में लांच सुरक्षित मातृत्व आश्वासन इनिशिएटिव योजना आदि शामिल है। दरअसल, किसी भी मुल्क के लिए मातृ मृत्यु दर उस क्षेत्र में महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य का एक पैमाना है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रार जनरल की ताजा बुलेटिन के आंकड़े एक सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर किसी भी देश की सेहत की ओर इशारा करती है। यह मृत्यु दर जितनी कम होगी देश उतना अधिक सेहतमंद कहलाएगा। भारत सरकार ने 1800 संगठनों के गठबंधन व्हाइट रिबन एलायंस इंडिया (डब्ल्यूआरएआइ) के अनुरोध पर साल 2003 में कस्तूरबा गांधी की जन्म वर्षगांठ 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में घोषित किया था। आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस घोषित करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। इस दिन देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि गर्भवती महिलाओं के पोषण पर सही ध्यान दिया जा सके।1- डा दीपा, एमडी (यशोदा सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में प्रसूति विज्ञानी एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ) इस दिशा में सकारात्मक सोच रखती हैं। उनका कहना है कि यह लक्ष्य कठिन जरूर है पर संभव है। मोदी सरकार जिस संकल्प से काम कर रही है, उससे वह दिन दूर नहीं जब हम अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल होंगे। उनका मानना है कि मोदी सरकार के आने के बाद वर्ष 2016 के बाद इस दिशा में विशेष कदम उठाए गए। 2016 में शुरू किया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के बाद वर्ष 2017 में लेबर रूम क्वालिटी इम्प्रूवमेंट इनिशिएटिव शुरू की गई। इसका मकसद लेबर रूम में मैटरनिटी आपरेशन थिएटर में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके जरिए गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान और तत्काल बाद की अवधि में सम्मानजनक और गुणवत्तायुक्त देखभाल उपलब्ध है। 2- डा दीपा ने कहा कि भारत सरकार ने समयबद्ध तरीके से बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति में सुधार लाने के लक्ष्य को हासिल करने के साथ 2018 से पोषण अभियान लागू किया है। यह इस दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। वर्ष 2018 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अनीमिया मुक्त भारत रणनीति की शुरूआत की थी, जिसका मकसद जीवन चक्र पहुंच में पोषण और गैर-पोषण कारणों से एनीमिया के प्रसार को कम करना है। इस रणनीति का 30 लाख गर्भवती महिलाओं सहित 45 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंचने का अनुमान है। 3- उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) एक प्रभावी कदम रहा। इसका मकसद बिना किसी लागत के सुनिश्चित, सम्मानजनक, गरिमामयी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), एक मांग प्रोत्साहन और सशर्त नकद हस्तांतरण योजना है जिसे अप्रैल 2005 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करना है। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) का मकसद गर्भवती महिलाओं और बीमार शिशुओं को सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में सिजेरियन सेक्शन, मुफ्त परिवहन, निदान, दवाएं, अन्य उपभोग्य वस्तुएं, आहार और रक्त सहित सेवाओं की मुफ्त आपूर्ति करके उनके जेब पर पड़ने वाले खर्च को समाप्त करना है।

## अधिक फालोअर्स वाले नामचीन लोगों के ट्विटर अकाउंट की हैकिंग के निहितार्थ

हाल के दिनों में ट्विटर अकाउंट हैकिंग की कई घटनाएं हुई हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय, भारतीय मौसम विभाग और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों समेत कई नामचीन हस्तियों तक के ट्विटर अकाउंट्स हैक किए जा चुके हैं। इस बीच एमआइटीवाइ यानी इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विगत पांच अप्रैल को 'इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी



रिस्पांस टीमऽ के हवाले से एक लिखित जवाब में बताया कि वर्ष 2017 से लेकर मार्च 2022 तक इंटरनेट मीडिया के कुल 641 अकाउंट हैक किए जा चुके हैं। इनमें ईमेल अकाउंट से लेकर ट्विटर हैंडल तक शामिल हैं। बीते साल इसकी संख्या 175 थी, तो इस साल की पहली तिमाही में ही 28 अकाउंट हैक हो चुके हैं। इस जानकारी के बाद महज एक सप्ताह के भीतर ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय, भारतीय मौसम विभाग और यूजीसी यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ट्विटर हैंडल हैक कर लिए गए। हैकर्स ने नौ अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के ट्विटर हैंडल को कई मिनट तक हैक करके रखा। इस दौरान उस हैंडल के प्रोफाइल पिक्चर में मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ भी छेड़छाड़ करने का प्रयास किया गया। उसके साथ ही उसमें 'आफिशियल ट्विटर हैंडल आफ चीफ मिनिस्टर आफिसऽ उत्तर प्रदेश लिख दिया। हैकर इतने तक ही नहीं रुके और लगभग 15 मिनट में ही 500 से अधिक ट्वीट भी कर डाले और करीब पांच हजार लोगों को टैग भी कर लिया। हालांकि इसे आधे घंटे के भीतर ही रिकवर कर लिया गया और मामले की जांच में साइबर एक्सपर्ट जुट गए। उसी दिन भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) का ट्विटर अकाउंट भी हैक कर लिया गया। हैकर्स ने अपनी तरफ से उसमें एक संदेश भी लिख दिया, जिससे काफी देर तक भ्रम की स्थिति बनी रही। इस अकाउंट को करीब दो घंटे तक अपने कब्जे में रखने के दरम्यान हैकर्स ने न केवल प्रोफाइल फोटो को बदला, बल्कि उस पर एनएफटी ट्रेडिंग भी शुरू कर दी। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि आइएमडी की हैकिंग एनएफटी से जुड़ी थी। उन्हीं दिनों यूजीसी का ट्विटर अकाउंट भी हैक कर लिया गया। तमाम संकेत इस ओर इशारा कर रहे है कि आइएमडी और यूजीसी की ट्विटर साइट को हैकिंग करने वाले एक ही हैकर्स हो सकते है और उनका मकसद भी एनएफटी को प्रभावित करना हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अलर्ट पर समूची दिल्ली, आज नमाज के मद्देनजर और कड़ी की गई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। लगातार छठे दिन भी हिंसा प्रभावित इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। रमजान के पाक महीने के दौरान किसी तरह तरह का को कोई बवाल नहीं हो, इसलिए जहांगीरपुरी हिंसा के बाद पहली जुमे की नमाज पर शुक्रवार सुबह से ही पुलिसकर्मी अधिक संख्या में हैं और पूरी तरह से अलर्ट पर हैं। बताया जा रहा है कि इस बाबत जामा मस्जिद प्रबंधन की ओर से अपील भी की गई है कि शुक्रवार को जूमने की नमाज के लिए बच्चे नहीं आए, हालांकि इस फरमान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, बृहस्पतिवार को अहम सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश तक जहांगीरपुरी इलाके में यथास्थिति बनाए रखी जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से जहांगीरपुरी मामले में कोर्ट ने नगर निगम, पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले की नौ मई को सुनवाई होगी। वहीं, सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि उसके आदेश के बारे में संबंधित अथारिटीज को जानकारी देने के बाद भी डिमोलिशन जारी रहा। इस पर एसजी मेहता ने कहा, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पहले से हो रही है। 19 अप्रैल को कार्रवाई का पांचवां मौका था। 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने सड़कों से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

### परीक्षा नजदीक, आखिरी समय में ऐसे करें तैयारी; मिलेंगे अच्छे मार्क्स

**नई दिल्ली।** सीबीएसई टर्म-2 की परीक्षाएं कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली हैं। छात्रों के मन में परीक्षा को लेकर कई सवाल हैं, जैसे कि क्या ये सही मूल्यांकन करती हैं या क्या ये जीवन-कौशल शिक्षा देने के लिए जरूरी हैं। इन सवालों के जवाब दैनिक जागरण के माध्यम से दिए हैं द्वारका स्थित श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता अरोड़ा ने आपने सत्र के आरंभ से ही दोनों परीक्षाओं की तैयारी निरंतर रूप से की है। दोनों ही परीक्षाएं आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। सीबीएसई द्वारा टर्म-2 की परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम को निर्धारित किया गया है। इसलिए बोर्ड परीक्षा तनावमुक्त होकर दीजिए।

# स्वास्थ्य मेले में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से जन सामान्य को किया जाएगा लाभान्वित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर के समस्त ब्लॉकों में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों में 18 से 23 अप्रैल 2022 के मध्य ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टाल लगाकर मातृ शिशु स्वास्थ्य परिवार कल्याण, संचारी एवं गैर संचारी रोग संबंधी सेवाएं प्रदान की जाएंगी तथा नेत्र बधिरता एवं ओरल हेल्थ संबंधी जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किए जाएंगे। इसी के साथ साथ आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में अन्य सहयोगी विभाग डिपार्टमेंट ऑफ फूड सेफ्टी, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग कल्याण विभाग तथा आयुष्मान भारत साचीज विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों मे संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपरख रूप से जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। जिला अधिकारी ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉकों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है, इसीलिए समस्त विभागीय अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए अपने-अपने विभागों में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में अपने स्टॉल लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जाए। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनपद गौतम बुद्ध नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जेवर में 21 अप्रैल 2022 दिन गुरुवार को स्वास्थ्य मेलें का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने समस्त जनपद वासियों का आह्वान करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जेवर में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य एवं अन्य सहयोगी विभागों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं के संबंध में स्टाल लगाकर विस्तारपरक रूप से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अतः आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलें में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठाएं, ताकि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आप तक आसानी से पहुंच सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह के मार्गदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी की जिला सह मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में



शहडोल नगर के थाना कोतवाली तिराहा स्थित शहीद देवेंद्र सोनी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया साथ ही शहीद स्मारक में पुष्प अर्पण कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि किया गया याद इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रुप से दिवस प्रदेश मंत्री श्रीमती मनीषा सिंह जिला संगठन प्रभारी श्री पीतांबर टोपलानी पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अनुपम अनुराग अवस्थी जिला महामंत्री श्री संतोष लोहानी श्री मनोज सिंह आर्मो जिला उपाध्यक्ष श्री शीतल पोद्दार श्री संजीव प्रताप सिंह पखवाड़ा प्रभारी श्रीप्रकाश जगवानी कार्यक्रम प्रभारी श्री रवींद्र वर्मा श्री विष्णु विश्वकर्मा नगर मंडल अध्यक्ष श्री सूर्यकांत निराला महामंत्री श्री संतोष रावत अभिषेक चौकसे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी राकेश सैनी शोभित वर्मा स्वपनेल जयसवाल राजेश्वर उदैनिया वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश सोनी त्रिभुवन गोस्वामी पदम खेमका सुशील शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व महिला मोर्चा की कार्यकर्ता इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# लालू की जमानत से निखरेगी तेजस्वी की इफ्तार पार्टी की रंगत, राजद के लिए खास है आज का दिन

**पटना।** के लिए आज का दिन खास है। एक ओर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत पर रांची हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है तो दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की इफ्तार पार्टी भी है। इफ्तार पार्टी पर सभी की नजरें टिकी हैं क्योंकि इसमें सीएम नीतीश कुमार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े नेताओं को आमंत्रण दिया गया है। तेज प्रताप यादव ने गृहमंत्री अमित शाह को न्योता दिया है। बता दें कि डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी मामले में



पांच साल की सजा काट रहे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की जमानत याचिका पर रांची हाईकोर्ट में आज सुनवाई होनी है। बीमारी और उम्र का हवाला देते हुए लालू प्रसाद के अधिवक्ता ने जमानत अर्जी दाखिल कर रखी है। उन्हें 21 फरवरी को पांच साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद चार मार्च को जमानत पर सुनवाई हुई। तब कोर्ट ने 11 मार्च को लोअर कोर्ट से जवाब मांगा था। एक अप्रैल को भी सुनवाई टल गई। फिर आठ अप्रैल को सीबीआई ने वक्त मांग लिया। जानकारी के मुताबिक न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह की अदालत में 11 बजे से सुनवाई होनी है। इधर सीबीआई ने जमानत का विरोध किया है। दो दिन पहले ही सीबीआई की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि डोरंडा कोषागार केस में लालू प्रसाद ने सजा की आधी अवधि पूरी नहीं की है इस कारण उन्हें जमानत नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे में आज कोर्ट का रुख क्या होगा, इसका इंतजार समर्थकों को है।

# न्यायपालिका और भारत को अंग्रेजो की गुलामी से मुक्त करके भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न राष्ट्र बनाया जाये - उपनिवेश मुक्त भारत मोर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** मीडिया क्लब में उपनिवेश मुक्त भारत मोर्चा के तत्वाधान में स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वलदेव राज सूद, शिमला निवासी की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में वलदेव राज सूद ने कहा कि विश्व की बदलती हुई परिस्थितियों और युद्ध के हालातों में भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न उपनिवेश मुक्त भारत बनाने की घोषणा करने का वक्त आ गया है। जो कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में भी लिखा हमारा हम सब भारतीयों का कर्तव्य भी है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक डाः गंगाराम तिवारी प्रदेश अध्यक्ष स्वाभिमान पार्टी उ प्र ने बताया कि जब अंग्रेज माउंटबेटन ने भारत की स्वतंत्रता की घोषणा करते हुए भारत को जबरदस्ती कॉमनवेल्थ के तहत अपने अधीन कर लिया तो हमें तभी पता चल गया था कि भारत की स्वतन्त्रता एक छलावा है। क्योंकि कॉमनवेल्थ के अधीन देशों का नियम है कि जो भी देश उसके अधीन होंगे उसके प्रधानमंत्री से लेकर सेनाध्यक्ष और न्यायधीशों तक को ब्रिटेन की महारानी और उसके ताज के प्रति वफादारी और निष्ठा की शपथ लेनी पड़ती है। हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश अब्दुल नजीर द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को उपनिवेशवाद से मुक्ति की मांग भी भारत की इसी गुलामी को जाहिर करती है। इंग्लैंड की महारानी का बिना भारत सरकार की अनुमति और बिना वीजा लिए भारत के दौरे पर आ जाना भी भारत के गुलाम होने की पुष्टि करता है। श्री तिवारी ने बताया कि कोरोना महामारी , वेक्सिनेशन का




षडयंत्र ,न्यू वर्ड आर्डर, सन्तो एवं राष्ट्र भक्तों का उत्पीडन करके भारत को फिर से अंग्रेजों का गुलाम बनाने की साजिश रच रहे हैं। कोरोना पर काबू पाने का आश्रय लेकर डब्लू यू टी ओ, डब्लू यू एच ओ, आईएमएफ और बिल गेट्स, रॉक फैलर एवं रोथचायल्ड जैसे लोग डालर,यूरो और पोंड की ताकत से भारत की संम्प्रभुता को हथियाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में भारत सरकार का कर्तव्य है कि वह भारत के यु.द्धकाल के साथी रूस का साथ देकर भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर तरुण कोठारी जी ने संपूर्ण प्रभुता सम्पन्न उपनिवेश मुक्त भारत साम्राज्य की स्थापना के लिए दिनांक 17 अप्रैल 2022 को बरवाला दिल्ली में राम मेहर मलिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष फौजी जनता पार्टी के निवास स्थान पर संपनन्न हुई बैठक में पारित प्रस्ताव का हवाला देते, भारत को उपनिवेश मुक्त सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न राष्ट्र बनाने के लिये इंग्लैण्ड की महरानी के लिये वीजा अनिवार्य करने की मांग भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द मोदी जी से की पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए भारत साम्राज्य के प्रधानमंत्री और दारा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुकेश जैन ने कहा कि अंग्रेजी ताकते खासतौर से इंग्लैण्ड की महारानी और अमेरीकी खुफिया एजेन्सी सी आई ए नक्सली आतंकवादी ईसाई मिशनरियों और टुकड़े- टुकड़े गैंग से जुडे गिरोहो की फंडिंग करके भारत को एक ईसाई देश बनाने की साजिश को लगातार अंजाम दे रहे हैं। जो कोई भी इन देशद्रोही टुकड़े- टुकड़े गैंग की साजिश के खिलाफ बोलता है या कार्यवाही करता उसे या तो रास्ते से हटा दिया जाता है या बलात्कार के झूठे मुकदमें लगाकर बदनाम किया जाता या जेल में डाल दिया जाता है या जान से मारने का षडयन्त्र रचा जाता है। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द मोदी की हत्या के साजिशकर्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री दीपक मिश्रा द्वारा लगातार जमानत पर छोड़े जाना दूसरी तरफ धर्मरक्षक श्री दारा सिंह और परम पूजनीय आसा राम बापू जी को 22 साल और 9 साल से एक दिन की भी पैरोल न देने से जाहिर होता है कि देशद्रोहियों के साथ देश की बड़ी बड़ी ताकते हैं। श्री जैन ने बताया कि जगननथ रथ यात्रा मामले में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के घर पर उनके पुतले को जूता मारने के कथित प्रदर्शन मामले में भारत सरकार के कानूनों की अवज्ञा करके मुझे 14 महीने जेल में डाला गया। न्यायधीशों द्वारा प्रतिशोध की ज्वाला में जलकर निरपराधों को जेल में डालने से जाहिर है कि देश संविधान से नहीं चल रहा है जिसके लिये भारत में कानून का राज कायम रखना वक्त की मांग है।

# पक्षी बचाओ अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** जे. एस. डी. धरम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पक्षी बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें बच्चों ने बडी तन्मयता के साथ छोटे छोटे बर्तनों में पानी भरकर पेडो पर लटकाये और पाकी मे कयी जगह मटको मे पानी भरकर रखे ।इस कार्यक्रम मे प्रबंधक धर्मेद्र सिंह , प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष सिंह, अध्यापक श्रीमती सरिता भाटी, आकाक्षा , रिया पाण्डेय , मंजू ,अवनीश इत्यादि लोग मौजूद रहे ।



# विधायक श्री शरद कोल ने किया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ सबके लिए स्वास्थ्य नि:शुल्क उपचार- श्री शरद कोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** 20 अप्रैल 2022- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। आज जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर में किया गया। स्वास्थ्य मेलें का शुभारंभ



विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल द्वारा किया गया। विधायक ने स्वास्थ्य मेलें को सम्बोंधित करते हुए कहा कि प्रदेश शासन की मंशा है कि सभी निरोगी रहें, सबकों निःशुल्क उपचार मिले और स्वस्थ्य होकर लोग जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में अधिक से अधिक लोग आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और अपना स्वास्थ्य कार्ड बनवाए। साथ ही आयुष्मान कार्ड जिन लोगो का नही बना है वो अपना आयुष्मान कार्ड भी बनवाएं, जिससे शासन द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत 5 लाख रूपये का निःशुल्क उपचार उन्हें मिल सकें। विधायक ने स्वास्थ्य मेले में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मेले में पंजीयन, एएनसी चेकअप, मलेरिया जांच, आयुष्मान कार्ड बनाना, हेल्थ आईडी बनाना, कुष्ठ रोग अंधत्व रोग, परिवार कल्याण कार्यक्रम आरबीएसके, आरकेएसके जांच स्टॉल, पैथालॉजी, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी व शिशु रोग जांच एवं मानसिक रोग जांच के स्टॉल लगाए गए थें जिसमें आरबीएसके चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सक सीएचओ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ, अंधत्व रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य रोगों के विशेषज्ञ व चिकित्सक निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान कर रहें है। स्वास्थ्य मेले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस पाण्डेय, ओआईसी डॉ0 इंद्रजीत सिकरवार, डॉ. राजेश त्रिपाठी, श्री जतिन भट्ट कंसंलटेट भोपाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती विमला सिंह, पूर्व विधायक श्री बली सिंह, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश तिवारी, तहसीलदार श्री दीपक पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ0 अंशुमन सोनारे, डीपीएम श्री मनोज द्विवेदी, बीपीएम श्री अजय पाण्डेय, समाजसेवी राजेश द्विवेदी, श्री रामनारायण पाण्डेय, श्री संजय गुप्ता, श्री देवा पयासी, श्री अरूण गौतम, श्री वीरेन्द्र पाण्डेय, श्रीमती शीला तिवारी, श्रीमती वंदना पाठक, श्री विवेक तिवारी, श्री दीपक पयासी सहित अन्य अधिकारी, समाजसेवी एवं बडी संख्या में लोग उपस्थित रहें। विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में बढ़ चढ़कर लोग करा रहें स्वास्थ्य जांच- जिले में 18 अप्रैल से 22 अप्रैल 2022 तक लगातार विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले आयोजित किये जा रहे है। 18 अप्रैल को जनपद पंचायत गोहपारू का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोहपारू में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 1177 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 274 लोगों का स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया तथा 64 लोगों का आयुष्मान कार्ड भी स्थल पर ही बनाया गया। साथ ही अन्य गंभीर मरीजों के साथ-साथ 273 लोगों के रक्त की जांच की गई और 8 यूनिट ब्लड का संधारण भी किया गया। इसी प्रकार 19 अप्रैल को जनपद पंचायत ब्यौहारी के सिविल अस्पताल ब्यौहारी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 1772 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है और 436 लोगों का स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया तथा 207 लोगों का आयुष्मान कार्ड भी स्थल पर ही बनाया गया। साथ ही अन्य गंभीर मरीजों के साथ-साथ 442 लोगों के रक्त की जांच की गई और 17 यूनिट ब्लड का संधारण भी किया गया। सिविल अस्पताल ब्यौहारी में 24 लोगों की सोनोग्राफी जांच की गई।

# नगर परिषद गढ़ीमलहरा की सीएमओ सुश्री शिवी उपाध्याय का सराहनीय कार्य शहर भ्रमण कर सुनी समस्याएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बुंदेलखंड ।** में जन विकास कार्य हो रहे हैं, छतरपुर जिले की नगर परिषद गढ़ीमलहरा में सीएमओ सुश्री शिवी उपाध्याय द्वारा लोगों की जन समस्याएं सुनी जा रही




है, नगर परिषद गढ़ीमलहरा में पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, पेंडिंग शिकायतों को छांट कर स्वयं दिशा निर्देश देकर जन हितेषी कार्य कर रही है नगर में नियमित पेयजल की सप्लाई की जा रही है, जनता को अपनी समस्या को लेकर परेशान नहीं होना पड़ रहा है त् सीएमओ सुश्री शिवी उपाध्याय द्वारा विकास के कार्य प्रगति पर है नगर के प्राचीन मंदिरों का नगर परिषद गढ़ीमलहरा द्वारा नवीन कायाकल्प किया जाएगा, नगर परिषद गढ़ीमलहरा द्वारा साफ सफाई स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों व जन शिकायतों का भी तत्काल निराकरण किया जा रहा है, आज नगर में कोई भी शिकायत पेंडिंग नहीं है त् सीएमओ सुश्री शिवी उपाध्याय द्वारा जनता के कार्य आसानी से किए जा रहे हैं जनता जनार्दन को शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है, नगर में विकास कार्य प्रगति पर है ।

# आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह एवं जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में आबकारी विभाग लगातार एक्शन में

## अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिशन्र आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले के समस्त आबकारी निरीक्षकों द्वारा बहलोलपुर, जेवर, भंगेल में दविश देकर कुल 3 अभियोग पंजीकृत किये गये एवं 152 ब0ली0 अवैध शराब बरामद की गयी व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 द्वारा हामिद पुत्र खुदाबक्श निवासी अधवारा विजयपुर जिला महोबा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।



# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु माननीय मुख्य न्यायमूर्ति, श्री राजेश बिंदल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय मुख्य न्यायमूर्ति श्री राजेश बिंदल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद व मुख्य कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रतिनकर दिवाकर, माननीय न्यायमूर्ति श्री मनोज मिश्रा, श्री रमेश सिन्हा, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एम0ए0सी0टी0 वादों, धारा 138 एन0आई0 एक्ट से संबंधित वादों, ई-चालान संबंधी वादों व पारिवारिक वादों के संबंध में माननीयों द्वारा सुझाव व विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा चिन्हित वादों में नोटिस तामीला आदि के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके साथ साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार आदि के संबंध में भी माननीय महोदय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में



माननीय मुख्य न्यायमूर्ति श्री राजेश बिंदल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, माननीय मुख्य कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रतिनकर दिवाकर, माननीय न्यायमूर्ति श्री मनोज मिश्रा, श्री रमेश सिन्हा, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के साथ माननीय जनपद न्यायाधीश, श्री अशोक कुमार सप्तम, पीठासीन अधिकारी, एम0ए0सी0टी0 कोर्ट श्री अशोक कुमार, श्री मंजीत सिंह श्यौराण, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/एफटीसी, द्वितीय, श्रीमती ऋचा उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री सुशील कुमार, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अल्ला रक्खे खांन, अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत उपस्थित रहे।

# 'केजीएफ 2' के सामने 'जरसी', क्या शाहिद कपूर इस बार जड़ेंगे डबल सेंचुरी

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर की फिल्म जरसी शुक्रवार (22 अप्रैल) को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




इस फिल्म के साथ शाहिद पूरे तीन साल बाद बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। 2020 और 2021 में पैनडेमिक के दौरान शाहिद ने सिर्फ इसी फिल्म और वेब सीरीज पर काम किया है। जहां दूसरे बॉलीवुड कलाकारों की फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हुईं, वहीं शाहिद की कोई फिल्म नहीं आयी। जरसी शाहिद के लिए काफी अहम फिल्म है। इस फिल्म पर ट्रेड की निगाहें भी टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन करेगी। इसलिए जहन में यह सवाल बना हुआ है कि क्या शाहिद इस बार भी डबल सेंचुरी लगाएंगे जरसी, इसी नाम से आयी तेलुगु फिल्म का आधिकारिक रीमेक है और इस फिल्म को गौतम तिनननूरी ने ही निर्देशित किया है, जिन्होंने तेलुगु फिल्म का निर्देशन किया था। नानी स्टारर तेलुगु जरसी क्रिटिकली और कमर्शियली सफल रही थी। इसीलिए, जरसी हिंदी से भी वही अपेक्षाएं की जा रही हैं। संयोग से शाहिद की पिछली फिल्म कबीर सिंह भी तेलुगु फिल्म अर्जुन रेड्डी का आधिकारिक रीमेक थी, जिसे संदीप वंगा रेड्डी ने निर्देशित किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद सफल रही थी और 280 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। कबीर सिंह शाहिद के करियर की सबसे बड़ी सोलो हिट फिल्म है। साथ ही, 200 करोड़ क्लब में भी उनकी पहली फिल्म है। कबीर सिंह की सफलता के बाद से शाहिद से निर्माताओं और फैंस दोनों की उम्मीदें बढ़ गयी हैं। जरसी पैनडेमिक की दूसरी लहर थमने के बाद 31 दिसम्बर 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, मगर देश में ओमिक्रॉन के मामले बढ़ने के बाद प्रतिबंध लगाए जाने लगे और सिनेमाघर बंद होने लगे, जिसके चलते जरसी की रिलीज स्थगित कर दी गयी। फिल्म की नई रिलीज डेट 14 अप्रैल निर्धारित की गयी, मगर केजीएफ चैप्टर 2 की रिलीज के चलते इसे स्थगित करके 22 अप्रैल किया गया था। रिलीज डेट बदलने से भी जरसी की चुनौती कम नहीं हुई है, क्योंकि 14 अप्रैल को रिलीज हुई केजीफ चैप्टर 2 अभी भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूती के साथ डटी हुई है। फिल्म 250 करोड़ का नेट कलेक्शन कर चुकी है और पहले हफ्ते में केजीएफ 2 के कलेक्शंस डबल डिजिट में बने हुए हैं, जिनमें दूसरे वीकेंड में उछाल आने की पूरी सम्भावना है। ऐसे में जरसी की ओपनिंग प्रभावित हो सकती है। बॉलीवुड हंगामा वेबसाइट के अनुसार, फिल्म 6 करोड़ के आस-पास ओपनिंग ले सकती है और माउथ पब्लिसिटी के आधार पर वीकेंड में बड़ा कलेक्शन कर सकती है। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया प्रतिक्रियाएं काफी पॉजिटिव हैं। 20 अप्रैल तक फिल्म के लगभग 70 लाख टिकटों की एडवांस सेल हो चुकी थी। जरसी में मृणाल ठाकुर फीमेल लीड रोल में हैं, जबकि पंकज कपूर ने एक अहम किरदार निभाया है।

# 'यासमीन' अवनीत कौर ने कराया बेहद बोल्ड फोटोशूट तस्वीरें देख फैंस ने कहा,आप हॉट लग रही हो

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो अलादीनः नाम तो सुना ही होगा में यासमीन की भूमिका निभाने वाली अवनीत कौर ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है उन्होंने यह तस्वीरें 5 घंटे पहले शेयर की है, जिसे इंस्टाग्राम पर खबर लिखे जाने तक चार लाख से ज्यादा लाइक्स मिल



चुके है वहीं इस पर 4000 से ज्यादा कमेंट किए जा चुके हैं कई लोगों ने इसपर दिल और आग की इमोजी शेयर की है वहीं कई लोग और शानदार, अमेजिंग, नाइस, ब्यूटीफुल, गॉर्जियस, प्रीटी, यू आर लुकिंग सो ब्यूटीफुल और यू आर लुकिंग हॉट जैसे कमेंट कर रहे हैं अवनीत कौर ने कुल 5 तस्वीरें शेयर की है उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'आप हमारे प्यार के बीच समुद्र को ला सकते हैं लेकिन यह हमें एक-दूसरे से जुदा नहीं कर पाएगा' तस्वीरों में अवनीत कौर ने ब्लू कलर की डीप नेक वन पीस ड्रेस पहन रखी है इसके अलावा उन्होंने हिल्स भी पहन रखी हैत् उन्होंने मेकअप कर रखा है अवनीत कौर पहली तस्वीर में वह कैमरे की ओर देख रही है इसमें उनका बोल्ड अंदाज काफी पसंद किया जा रहा है दूसरी फोटो में वह अलग अंदाज में पोज दे रही है तीसरी फोटो में वह कहीं और देख रही है चौथी फोटो में वह साइड से कैमरे की ओर देख रही हैं दोनों हाथ कमर पर रखे हुए हैं पांचवी फोटो में वह सोफे पर लेटकर पोज देती नजर आ रही है अवनीत की तस्वीरें काफी पसंद की जा रही है अवनीत कौर सोशल मीडिया पर भी काफी फेमस हैत् इंस्टाग्राम पर उनके 3 करोड़ फॉलोअर्स है वह अक्सर अपने फैंस से काफी बातचीत भी करती हैं।

# अक्षय कुमार ने तंबाकू ब्रांड से जुड़े उत्पाद के ऐड से खुद को किया अलग, फैंस ने एक्टर की तारीफ करते हुए कहा- 'सच्चा हीरो'

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार ने सार्वजनिक तौर पर अपने फैंस से माफी मांगी है। उन्होंने यह माफी तंबाकू से जुड़े ब्रांड विमल इलाइची का विज्ञापन करने के लिए मांगी है। साथ ही अक्षय कुमार ने ऐलान



किया है कि वह इस ब्रांड से खुद को अलग कर रहे हैं और इससे कमाए पैसों को वह दान करेंगे। हाल ही में अभिनेता को तंबाकू के ब्रांड का विज्ञापन करने के लिए ट्रोल किया जा रहा था। इतना ही नहीं अक्षय कुमार की सीबीएफसी के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी ने भी आलोचना की थी। ऐसे में उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस से माफी मांगते हुए विमल इलाइची के ब्रांड से खुद को अलग कर लिया है। जिसके बाद से अक्षय कुमार के फैंस सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। नाम के यूजर ने उनकी तारीफ करते हुए ट्विटर पर लिखा, 'अपनी गलती को स्वीकार करने और आगे बढ़ने में कोई शर्म की बात नहीं है। बहुत खुशी है कि उन्होंने ऐसा किया।' नाम के यूजर ने लिखा, 'हां वह कभी भी गलत नहीं करते हैं और अपने फैंस से माफी मांगने पर भी वह शर्माते नहीं हैं। सबसे अच्छे इंसान।ने अपने ट्वीट में लिखा, 'क्या शानदार खबर है, इसलिए मैं उन्हें इतना प्यार करती हूं। वह हमेशा से मेरे हीरो थे, हैं और रहेंगे।' ने लिखा, 'मुझे यह कहने में काफी गर्व महसूस हो रहा है कि मैं अक्षय कुमार का फैन हूं। मैं बहुत प्यार करता हूं और हमेशा उनके लिए प्रार्थना करता हूं।' ने अपने ट्वीट में अक्षय कुमार को 'सच्चा हीरो' बताया है। इसके अलावा और भी कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट कर अक्षय कुमार के विमल इलाइची का विज्ञापन न करने की घोषणा पर उनकी तारीफ की है। आपको बता दें कि अक्षय कुमार ने विमल ब्रांड का प्रचार करने के लिए अपने फैंस से माफी मांगते हुए ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'मैं अपने सभी फैंस और शुभचिंतकों से माफी मांगना चाहता हूं। पिछले कुछ दिनों में आपकी प्रतिक्रिया ने मुझे बहुत प्रभावित किया है, जबकि मैंने तंबाकू का समर्थन नहीं किया है और न ही करूंगा। अभिनेता ने आगे लिखा, 'मैं विमल इलायची के साथ अपने जुड़ाव को लेकर आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। साथ ही मैंने फैसला किया है कि विज्ञापन के लिए ली गई एड फीस को दान करूंगा।' इसके साथ ही अक्षय कुमार ने विज्ञापन के ऑन एयर रहने को लेकर सफाई देते हुए कहा, 'विमल इलायची के साथ मेरी बाध्यकारी अनुबंध की कानूनी अवधि तक विज्ञापन का प्रसारण ब्रांड जारी रख सकता है। मैं आश्वासन देते हुए कहा कि मैं अपने भविष्य के फैसलों को बहुत सोच समझकर लूंगा।'

# रणबीर कपूर की 11 साल की भांजी समारा साहनी ने कपूर फैमिली में किया 'मामी' आलिया भट्ट का खास अंदाज में स्वागत, लिखा प्यारा सा नोट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट 14 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधे। दोनों की ये शादी काफी चर्चा



में रही। रणबीर और आलिया की शादी और उनसे जुड़ी रस्मों की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं। परिवार के लोगों ने भी फंक्शन की कई तस्वीरें सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा किए। अब उनके चाहने वालों को इंतजार है तो बस दोनों के हनीमून का। हर कोई जानने चाहता है कि ये न्यूलीवेड कपल आखिर अपना हनीमून कहा सेलिब्रेट करेगा। खैर शादी के बाद अब दोनों स्टार्स अपने-अपने काम में व्यस्त हो गए हैं। शादी के बाद मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर के साथ पूरी कपूर फैमिली ने आलिया का स्वागत किया। वहीं अब रिद्धिमा की बेटी समारा साहनी ने अपनी मामी आलिया का स्वागत बेहद ही खास अंदाज में किया है। समारा ने अलिया के लिए एक प्यारा सा वेलकम नोट लिखा है। रिद्धिमा कपूर साहनी की बेटी समारा साहनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मामा रणबीर कपूर और मामी आलिया भट्ट की शादी की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ ही समारा ने एक प्यारा सा नोट भी लिखा है। इस नोट में समारा लिखती हैं, 'परिवार में आपका स्वागत है आलिया मामी, आई लव यू सो मच।' इस नोट के साथ ही समारा ने हॉर्ट इमोजी भी शेयर की है। समारा के पोस्ट पर नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर ने अपना रिएक्शन दिया है। वहीं फैंस भी इस पोस्ट पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। नीतू कपूर ने इस पर कमेंट करते हुए कहा, यह बहुत प्यारा है।' वहीं रिद्धिमा ने कमेंट सेक्शन में हार्ट का इमोजी बनाया है। आपको बता दें कि समारा ने पिछले साल मई 2021 में इंस्टाग्राम पर डेब्यू किया था। समारा का ये पेज उनकी मां रिद्धिमा कपूर मैनेज करती हैं। हलांकि इस एकाउंट पर ज्यादा पोस्ट नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद इंस्टाग्राम पर उनकी काफी पॉपुलर हैं और अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। समारा ने रणबीर और आलिया की शादी की एक तस्वीर शेयर की है। दूसरी तस्वीर संगीत सेरेमनी की है जिसमें परिवार के दूसरे सदस्य भी हैं।

# सारा अली खान के साथ पैपराजी ने की ऐसी हरकत, गुस्से में एक्ट्रेस ने कहा, 'फिर आप लोग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान उन स्टार्स किड्स में से हैं जिन्हें पैपराजी बेहद पसंद करते



हैं। इसकी वजह सारा का उनके प्रति प्यार और सम्मान है। सारा को अक्सर ही पैपराजी से हाथ जोड़कर और मुस्कुराते हुए बात करते देखा गया है। उनकी यही अदा हर सिकी को बेहद भाती है। लेकिन इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सारा फोटोग्राफर्स पर भड़कती नजर आ रही हैं। सारा का ऐसा रूप देखकर हर कोई हैरान है। आइए जानते हैं आखिर ऐसा क्या हुआ जो सारा को इतना गुस्सा आया। यहां देखें वीडियो सारा अली खान के वायरल वीडियो को फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि सारा जैसे ही अपने नए प्रोजेक्ट के सेट से बाहर आती हैं उन्हें अपने कैमरे में कैद करने के लिए पैपराजियों में होड़ मच जाती है। हर कोई उन्हें अपने कैमरे में पहले कैद करना चाहता है। ऐसे में इसी दौरान एक शख्स से सारा अली खान को टक्कर लग जाती है। टक्कर लगने के बाद सारा पहले बिना बोले अपनी कार में बैठ जाती हैं। इसके बाद जैसे ही पैपराजी उन्हें फोटो क्लिक कराने को लिए रिक्वेस्ट करते हैं वैसे ही सारा का गुस्सा फूट जाता है। वह कहती हैं कि फिर आप धक्का मारेगें। सारा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर लगातार फैंस के रिएक्शन भी आ रह हैं। इस पर एक यूजर कमेंट करते हुए लिखता है, 'कभी कभी सच में यह सब बर्दाश्त के बाहर ही होता है।' एक दूसरे यूजर का कहना है, 'ये पैप्स कई बार ऐसी चीजें कर देते हैं कि लोग ना चाहकर भी रिएक्शन देने के लिए मजबूर हो जाते हैं।' वहीं एक ने? लिखा, 'वो सच में बहुत प्यारी हैं उसे धक्का दिया गया लेकिन फिर भी विनम्रता से मना कर दिया।' वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा अली खान को आखिरी दफा आनंद एल राय की फिल्म 'अतरंगी रे' में नजर आईं थीं। वहीं अब वो जल्द ही लक्ष्मण उतेकर की अनटाइटल्ड फिल्म में लीड रोल निभाने वाली हैं। इसमें उनके अपोजिट विकी कौशल होंगे। इसके अलावा सारा को 'नखरेवाली', 'गैसलाइट' और 'द इम्मॉर्टल ऑफ अश्वत्थामा' में देखा जाएगा।

# हिंदी में टीवी पर प्रीमियर के लिए तैयार प्रभास पूजा हेगड़े की फिल्म, जानें कब और कहां देखें

**नई दिल्ली।** प्रभास और पूजा हेगड़े की फिल्म राधे श्याम अब टीवी प्रीमियर के लिए तैयार है। राधे श्याम रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म है। सिनेमाघरों में फिल्म तेलुगु के साथ हिंदी और अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं में रिलीज की गयी थी। राधा कृष्ण कुमार निर्देशित फिल्म



की कहानी सत्तर के दौर में स्थापित है। प्रभास ने फिल्म में विक्रम आदित्य नाम का किरदार निभाया है, जो एक जाना-माना हस्तरेखा विशेषज्ञ है। वो प्यार के कॉन्सेप्ट को तब तक नहीं मानता, जब तक कि उसे खुद प्रेरणा से प्यार नहीं हो जाता। हालांकि, इन दोनों सोच के स्तर पर बहुत अलग हैं। एक किस्मत को सब कुछ मानता है तो दूसरा इसमें यकीन नहीं करता। लेकिन, जब विक्रम अपने प्यार का दुखद अंत देख लेता है तो वो खुद को अलग कर लेता है। राधे श्याम हिंदी में जी सिनेमा पर 24 अप्रैल (रविवार) को दोपहर 12 बजे प्रसारित की जाएगी। राधे श्याम की कहानी यूरोप में दिखायी गयी है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने वॉइसओवर किया है। सहयोगी स्टार कास्ट में भाग्यश्री, कुणाल रॉय कपूर, जगपति बाबू और मुरली शर्मा अहम किरदारों में दिखायी देंगे। प्रभास ने एक इंटरव्यू में बताया था कि व्यक्तिगत तौर पर मैं कभी किसी हस्तरेखा एवं ज्योतिष विज्ञान में शामिल नहीं रहा हूं। मगर, विश्वास और जन्मों के साथी की बात को लेकर किस्मत को मानता हूं और जन्मों का साथी एक ऐसा विचार है, जो प्यार पर यकीन को आसान बना देता है। 'राधे श्याम' दर्शकों को जिंदगी के अलग-अलग पहलू दिखाएगी और यह भी बताएगी कि कैसे ये सभी बातें हमेशा से साथ रही हैं और रहेंगी। राधे श्याम ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर तेलुगु में रिलीज हो चुकी है। हालांकि, हिंदी में फिल्म अभी ओटीटी पर मौजूद नहीं है।

# आशा भोसले लता दिवंगत मंगेशकर को यादकर हुई भावुक, देखें वीडियो

**नई दिल्ली।** डीआईडी लिटिल मास्टर के सेट पर आशा भोसले बतौर मेहमान आई है इस अवसर पर दिवंगत लता मंगेशकर को ट्रिब्यूट दिया गया, जिसे देखकर आशा भोसले भावुक हो गई और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़ेत् गौरतलब है कि लता मंगेशकर आशा भोसले की बड़ी बहन रही हैं डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर



के आगामी एपिसोड में आशा भोसले बतौर मेहमान बनकर नजर आई हैत् अब जी टीवी में एक नया प्रोमो वीडियो शेयर किया है इसमें 2 प्रतियोगियों को आशा और लता की भूमिका में देखा जा सकता है उनके एक्ट को देखकर आशा भोंसले और मौनी रॉय की आंखों से आंसू छलक पड़े वीडियो में आशा भोसले स्टेज पर आ रही हैं इसके बाद वह लता मंगेशकर की फोटो के पास जाकर फूलों से श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं इसके बाद वह कहती है, 'लता दीदी जब तक आपके साथ हैं, मेरे जीवन में रंगों की बरसात है आशा रोने लगती है वह कहती है, 'मेरी दीदी गई है अभी लेकिन फिर भी मेरे साथ हैं' लता मंगेशकर का निधन 92 वर्ष की आयु में इस वर्ष फरवरी 6 को हो गया उनका निधन कोरोना के बाद की परिस्थितियों से आई गड़बडियों से हुआत् उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था लता मंगेशकर का अंतिम संस्कार मुंबई के शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के अलावा और भी कई लोग पहुंचे थे लता मंगेशकर के करोड़ों चाहने वाले हैं उन्हें भारत रतन से भी सम्मानित किया गया है।

# अंजलि अरोड़ा ने टिकट टू फिनाले के लिए मुनव्वर फारूकी को दिया धोखा, जानने के बाद फूट-फूटकर रोए कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** ओटीटी के विवादित रियलिटी शो लॉक अप में हर दिन कंटेस्टेंट्स के बीच हंगामा देखने को मिलता है। इसके अलावा शो में मुनव्वर फारूकी और अंजलि अरोड़ा का रिश्ता भी काफी सुखियों में रहता है। कंगना रनोट के इस



शो में दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। अंजलि मुनव्वर फारूकी से अपनी दिल की बातें भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन इस बार यह दोनों खास वजह से चर्चा में हैं लॉक अप अपने अलगे पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। इस शो में हाल ही में टिकट टू फिनाले के लिए टास्क हुआ। इसके साथ ही कई कंटेस्टेंट्स ने एक-दूसरे के खिलाफ वोट भी किए, जिसे वह लॉक अप के फिनाले में नहीं देखना चाहते हैं। इस दौरान मुनव्वर फारूकी को एक हैरान कर देने वाले फैसले से गुजरना पड़ा, जिसको जानने के बाद वह शो में रोने लगे। दरअसल, लॉक अप में टिकट टू फिनाले के लिए टास्क हुआ जिसमें मुनव्वर फारूकी की सबसे करीबी अंजलि और सायशा शिंदे ने उन्हें धोखा दे दिया। यह टास्क दो टीमों के बीच हुआ था। पहली टीम में प्रिंस नरूला, मुनव्वर फारूकी, अंजलि अरोड़ा और सायशा शिंदे थे। वहीं दूसरी टीम में पायल रोहतगी, शिवम शर्मा, आजमा फलाह थे। इस टास्क को करते हुए मुनव्वर फारूकी ने अपनी टीम के साथ एक गेम प्लान बनाया हुआ था, लेकिन टास्क करते हुए अंजलि अरोड़ा और सायशा शिंदे ने उन्हें धोखा दे दिया। इन दोनों आखिरा वक्त पर प्लान बदल दिया और मुनव्वर फारूकी को ही टास्क से बाहर कर दिया। जिसको देखकर मुनव्वर फारूकी हैरान हो गए और ऐसे करने पर वह रोने लगे। वहीं प्रिंस नरूला उन्हें चुप कराते दिखाई दिए। इतना ही नहीं अंजलि अरोड़ा ने पायल रोहतगी तक को अपने साथ जुड़कर शिवम शर्मा को शो से बाहर करने के लिए कहा। हालांकि, प्रिंस ने घोषणा की कि वह नहीं चाहते हैं कि मुनव्वर को फिनाले से बाहर किया जाए। इसके बाद शिवम और प्रिंस एक दूसरे को मना लेते हैं और आजमा को फिनाले की दौड़ से बाहर कर देते हैं। इसके अलावा टिकट टू फिनाले टास्क में मुनव्वर फारूकी शो से बाहर निकालने के लिए पायल रोहतगी और पूनम पांडे का भी नाम लेते हैं। उनके इस फैसले को जानने के बाद पूनम पांडे काफी हैरान हो जाती है। इतना ही नहीं मुनव्वर फारूकी के फैसले पर वह रोने भी लगती है। इसके बाद पूनम पांडे सायशा शिंदे से कहती है कि लॉक अप खत्म होने के बाद वह मुनव्वर फारूकी और अंजलि अरोड़ा से कोई संपर्क नहीं रखेंगी।

# मुंह पर फेस पैक लगाए सनी लियोनी ने दिखाए जबरदस्त नखरे, वीडियो बनाने वाले शख्स को कहा- चल हट

**नई दिल्ली।** सनी लियोनी ने बहुत ही कम वक्त में बॉलीवुड में अपनी एक खास और अलग पहचान बनाई है। बॉलीवुड की फिल्मों में भले ही बेबी डॉल सनी लियोनी ने बतौर अभिनेत्री कम काम किया हो, लेकिन कई फिल्मों में अपने एक आइटम



गाने और अपनी अदाओं से उन्होंने लोगों की खूब वाहवाही लूटी। सनी लियोनी को सोशल मीडिया पर भी काफी पसंद किया जाता है, जब भी वह कोई तस्वीर या वीडियो पोस्ट करती हैं तो वह तुरंत ही वायरल हो जाता है। हाल ही में सनी लियोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री नखरे दिखाते हुए नजर आ रही हैं। सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में वह ब्लैक रंग की टी-टॉप और प्लाजो में नजर आ रही हैं। सनी ने अपने चेहरे पर फेस पैक लगाया हुआ है। इस वीडियो में सनी अपने क्रू से पूछा क्या चाहिए, जिसके बाद उनकी मैनेजर ने पूछा कैसा लग रहा है सनी चेहरा, जिसके बाद सनी लियोनी फिल्मी अंदाज में नखरे दिखाती हुई नजर आईं। सबसे पहले सनी ने फिल्मी अंदाज में तीन बार अपना सिर घुमाया और उसके बाद वह ठुमके मारती हुई ढिशकियाऊं-ढिशकियाऊं करती दिखीं। इसके बाद वीडियो बनाने वाले शख्स को सनी लियोनी ने कहा 'चल हट'।सनी लियोनी का ये वीडियो खूब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह अपने क्रू के साथ मस्ती करते हुए दिखाई दे रही हैं। सनी लियोनी की क्रू के साथ ये मस्ती उनके फैन्स को खूब पसंद आ रही है। इस वीडियो को अब तक 8 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके है और कमेंट बॉक्स में फैन्स जमकर लैला सनी लियोनी पर प्यार बरसा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306060178, 9026359274